# नेशनल प्रेस टाइम्स

नई दिल्ली, बुधवार
04 जून 2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 96 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


## पंजाब में पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार



चंडीगढ़ । पकड़ा गया आरोपी गगनदीप सिंह पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के संपर्क में था और उसे संवेदनशील जानकारी देने के लिए पैसे भी मिले थे।

पंजाब के तरनतारन जिले के रहने वाले एक व्यक्ति को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना की गतिविधियों से संबंधित संवेदनशील जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों के साथ साझा कर रहा था। पुलिस ने एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है, जिसमें ऐसी जानकारी थी, जिसे उसने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों (पीआईओ) के साथ साझा किया था।

शेष पेज 2 पर

# पाकिस्तान को जड़ से मिटा देंगे और तुर्की बीच में आया तो...

## भारत पर यूरोपीय देश का बड़ा ऐलान

नई दिल्ली। ग्रीस का मानना है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्की ने खुलकर पाकिस्तान की मदद की। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने भारत पर हमले की नाकाम कोशिश की थी।

यूरोप के एक ताकतवर देश ने भारत का नाम लेकर पाकिस्तान और तुर्की की धज्जियां उड़ा दी हैं। यूरोप का ये देश भारत के दुश्मन तुर्की और पाकिस्तान से बहुत परेशान है। पाकिस्तान के लोगों ने तो इस यूरोपीय देश को बर्बाद कर रखा है। इसलिए यूरोप के इस देश ने भारत को एक जबरदस्त आइडिया दिया है। दरअसल, बात यहां पर ग्रीस की हो रही है। ग्रीस का कहना है कि हमारे लिए भी पाकिस्तान और तुर्की बड़ा खतरा है। ये दोनों वो देश हैं जिन्होंने मिलकर भारत पर हमला किया था। ग्रीस का मानना है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्की ने खुलकर पाकिस्तान की मदद की। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने भारत पर हमले की नाकाम कोशिश की थी। मीडिया रिपोर्ट बताते है कि इसमें तुर्की ने न केवल पाकिस्तान को ड्रोन से मदद की, बल्कि भारत के खिलाफ ड्रोन हमलों में सहायता के लिए इस्लामाबाद में सैन्य कर्मियों को भी भेजा। ऑपरेशन सिंदूर में तुर्की के दो सैन्यकर्मी भी मारे गए।




हालांकि भारत ने तुर्की और पाकिस्तान के इस हमले को बुरी तरह से विफल कर दिया। लेकिन इसके बावजूद पाकिस्तान के वजीर ए आजम शहबाज शरीफ और नए नवेले फील्ड मार्शल बनाए गए आर्मी चीफ आसिम मुनीर तुर्की को थैक्यू बोलने के लिए अंकारा पहुंच गए। ऐसे में ग्रीस के एक बड़े डिप्लोमैट का मानना है कि समय आ गया है जब भारत और ग्रीस मिलकर नई ऊंचाईयों पर ले जाए। ग्रीस और भारत तुर्की-पाकिस्तान के खिलाफ एक बड़ा सैन्य मोर्चा खोल दें। ग्रीस के एक बड़े डिप्लोमैट ने कहा कि भारत और ग्रीस को अपने सैन्य सहयोग को जबरदस्त तरीके से मजबूत करना होगा। ।

संडे गार्जियन के साथ ईमेल पर हुई बातचीत में, कनाडा, पोलैंड और आर्मेनिया में ग्रीस के पूर्व राजदूत और तुर्की में महावाणिज्यदूत, साथ ही 2006-2012 तक इस्तांबुल में रहने वाले ब्लैक सी इकोनॉमिक कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (बीएसईसी) के महासचिव लियोनिडास क्रिसेंथोपोलोस ने भूमध्य सागर में तुर्की की भूमिका के बारे में बात की, साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि भारत और ग्रीस किस तरह से अपने संबंधों को बेहतर बना सकते हैं, ताकि विशेष रूप से रेसेप तैयप एर्दोगन से मुकाबला किया जा सके।

ग्रीस और भारत एर्दोगन के खिलाफ एक सुरक्षा कवच के रूप में कार्य कर सकते हैं। कुछ व्यावहारिक सुझाव। सैन्य क्षेत्र में विशेष रूप से वायु सेना सहयोग में सहयोग में वृद्धि।

शेष पेज 2 पर

## सरकारी नौकरी की आड़ में आतंक से रिश्ते: जम्मू-कश्मीर में तीन कर्मचारी बर्खास्त



जम्मू । जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आतंकवाद से संबंध रखने वाले तीन सरकारी कर्मचारियों को अनुच्छेद 311 के तहत बर्खास्त कर दिया। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने राज्य सरकार के तीन कर्मचारियों को आतंकवादी संगठनों से संबंधों के चलते सेवा से बर्खास्त कर दिया है। यह कार्रवाई संविधान के अनुच्छेद 311(2)() के तहत की गई है, जो सरकार को ऐसे मामलों में जांच के बिना सीधे बर्खास्त करने का अधिकार देता है।

शेष पेज 2 पर

## 'हमें मनाने की जरूरत नहीं', ट्रंप के दावे पर शशि थरूर की दो टूक, पाकिस्तान को भी लताड़ा



ब्रासीलिया । थरूर ने कहा कि 'हमने 7 मई को शुरू से ही लगातार कहा था कि हम संघर्ष को लंबा खींचने के इच्छुक नहीं हैं। यह किसी तरह के युद्ध की शुरूआत नहीं है। यह सिर्फ आतंकवादियों के खिलाफ प्रतिशोध है, बस। अगर पाकिस्तान ने प्रतिक्रिया नहीं की होती, तो हम भी प्रतिक्रिया नहीं करते।'

ऑपरेशन सिंदूर पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भारत-पाकिस्तान संघर्षविराम में तीसरे पक्ष की संलिप्तता से इनकार किया है और कहा है कि संघर्षविराम के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत हुई। थरूर के नेतृत्व वाला सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल फिलहाल ब्राजील में है और ब्राजील से अमेरिका के लिए रवाना होगा। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार-बार दावा कर रहे हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम के लिए उन्होंने मध्यस्थता की।

शेष पेज 2 पर

## पूर्व अग्निवीरों को बड़ी सौगात:

# यूपी पुलिस भर्ती में मिलेगा 20 फीसदी आरक्षण

लखनऊ। यूपी में अब धार्मिक स्थलों और पर्यटन केंद्रों पर होमस्टे की सुविधा मिलेगी। कैबिनेट में इसे मंजूरी दे दी गई। इसके अलावा पूर्व अग्निवीरों को यूपी पुलिस भर्ती में 20 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। सीएम योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 11 में से 10 प्रस्तावों को स्वीकृति दे दी गई।

राजधानी लखनऊ में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक की गई। सीएम योगी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में 11 में 10 प्रस्तावों पर चर्चा के बाद मुहर लगी।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत करने के लिए अन्नापूर्णा भवनों का निर्माण अब राजकोषीय बचत से कराया जा सकेगा। इसके लिए लाए गए प्रस्ताव को कैबिनेट की हरी झंडी मिल गई है। अब मनरेगा के



अलावा राज्य वित्त आयोग, सांसद निधि, विधायक निधि, पूर्वांचल विकास निधि, बुंदेलखंड विकास निधि और अन्य किसी राज्य या केंद्र सरकार की योजना (जिसमें इनका निर्माण हो सकता है) के माध्यम से इन भवनों का निर्माण कराया जा सकेगा।

रखरखाव की व्यवस्था का भी प्रावधान किया गया

राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए मॉडल उचित दर दुकानों और अन्नापूर्ण भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। इन भवनों के निर्माण में गति लाने के लिए राजकोषीय बचत से भी अन्नापूर्ण भवनों के निर्माण का निर्णय लिया गया है। जहां इन योजनाओं के माध्यम से धनराशि की उपलब्धता नहीं हो सकेगी, वहां खाद्य एवं रसद विभाग की बचत से धन की व्यवस्था की जाएगी। इस तरह से हर जिले में 75-100 अन्नापूर्ण भवनों का निर्माण प्रति वर्ष कराया जा सकेगा। इसके अलावा इन भवनों के रखरखाव आदि की व्यवस्था का भी प्रावधान किया गया है।

पूर्व अग्निवीरों को पुलिस भर्ती में 20 फीसदी आरक्षण

पुलिस भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को 20 फीसदी आरक्षण प्रदान करने के प्रस्ताव को हरी झंडी मिल गई। प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस, पीएसी, आरक्षी घुड़सवार और फायरमैन की सीधी भर्ती में आरक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 20 फीसदी पदों को आरक्षित करते हुए क्षैतिज आरक्षण प्रदान किया जाएगा। साथ ही, अग्निवीर के रूप में की गई सेवा अविध को घटाते हुए अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट भी प्रदान की जाएगी।

शेष पेज 2 पर

## राहुल ने जूते पहने ही दी इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि, मोहन यादव बोले- ये हमारे संस्कार के खिलाफ



नई दिल्ली। सीएम मोहन यादव ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता यहां हैं, लोकतंत्र में यहां सभी का स्वागत है। लेकिन बिना जूते उतारे अपनी दादी को पुष्पांजलि अर्पित करना ठीक नहीं है। यह हमारी परंपरा और संस्कृति के अनुरूप नहीं है।

मध्य प्रदेश में उस समय विवाद खड़ा हो गया जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भोपाल स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री और अपनी दादी इंदिरा गांधी की प्रतिमा और चित्र पर जूते उतारे बिना पुष्पांजलि अर्पित की। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इसको लेकर राहुल गांधी की आलोचना की। यह घटना नेता प्रतिपक्ष द्वारा भाजपा शासित मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को फिर से खड़ा करने के लिए संगठन सृजन अभियान शुरू करने के लिए बैठकों की श्रृंखला की अध्यक्षता करने से ठीक पहले हुई।

शेष पेज 2 पर

## पंजाब सीएम भगवंत मान का ऑपरेशन सिंदूर पर पीएम मोदी का नाम लेकर विवादित बयान

# क्या अब वन नेशन, वन हसबैंड की स्कीम है?

लुधियाना मान ने कहा कि वे कह रहे हैं कि वे हर घर में सिंदूर भेजेंगे। अगर आपके घर सिंदूर भेजा जाता है, तो क्या आप मोदी के नाम का सिंदूर लगाएंगे? क्या 'एक राष्ट्र, एक पति' आपकी नई योजना है? प्रधानमंत्री पर उनके हमले में आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह की तीखी टिप्पणी की याद ताजा हो गई, जिन्होंने कथित अभियान की निंदा करते हुए इसे सस्ता राजनीतिक स्टंट बताया।



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भाजपा के कथित 'घर-घर सिंदूर अभियान' पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि पार्टी चुनावी लाभ के लिए पवित्र भारतीय परंपराओं का राजनीतिकरण कर रही है। लुधियाना पश्चिम विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार करते हुए मान ने कहा कि हम इसमें क्या कर सकते हैं? आप सिंदूर के नाम पर वोट मांग रहे हैं। उन्होंने सिंदूर का मजाक उड़ाया है। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता उन खबरों की ओर इशारा कर रहे थे जिनमें कहा गया था कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भाजपा कार्यकर्ता घरों में सिंदूर बांट रहे हैं। हालांकि, भाजपा ने ऐसा कोई अभियान शुरू करने से इनकार किया है।

मान ने कहा कि वे कह रहे हैं कि वे हर घर में सिंदूर भेजेंगे।

शेष पेज 2 पर

## ऑपरेशन सिंदूर | ऑपरेशन सिंदूर पर सीडीएस बोले-

# पाकिस्तान ने 48 घंटे तक लड़ने का दम भरा हमने आठ घंटे में घुटनों पर ला



पुणे । सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को पुणे में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि भारत ने पाकिस्तानी ठिकानों पर बहुत सोच-समझकर सटीक हमले किए। कुछ हमलों की सटीकता तो दो मीटर से भी कम रही। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ 48 घंटों तक लड़ने तक दम भरा, लेकिन भारतीय सशस्त्र बलों ने उसे आठ घंटों में ही घुटनों पर ला दिया।

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के पीछे के कारणों पर बात करते हुए कहा कि पहलगाम में जो हुआ, वह घोर क्रूरता थी। 'ऑपरेशन सिंदूर' के पीछे सोच यह थी कि पाकिस्तान से राज्य प्रायोजित आतंकवाद को रोका जाए। उसे भारत को आतंकवादी गतिविधियों का बंधक नहीं बनाना चाहिए। भारत अब आतंकवाद और परमाणु ब्लैकमेल की छाया में नहीं रहने वाला। उन्होंने फिर दोहराया कि पेशेवर सैन्य बलों पर असफलताओं और नुकसानों का कोई असर नहीं होता। नुकसान महत्वपूर्ण नहीं हैं, बल्कि परिणाम महत्वपूर्ण हैं।

**'संघर्ष का प्रारंभिक बिंदु पहलगाम आतंकी हमला था'**- चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि इस संघर्ष का प्रारंभिक बिंदु पहलगाम आतंकी हमला था। क्या आतंकवाद युद्ध का एक तर्कसंगत तरीका है? मुझे नहीं लगता कि ऐसा है, क्योंकि आतंकवाद का कोई परिभाषित तर्क नहीं है। जहां तक हमारे विरोधी का सवाल है तो उसने भारत को हजारों घाव देकर खून बहाने का फैसला किया है। 1965 में जुल्फिकार अली भुट्टो ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को संबोधित करते हुए भारत के खिलाफ एक हजार साल के युद्ध की घोषणा की थी।

शेष पेज 2 पर

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने वायु प्रदूषण शमन योजना की शुरूआत

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को वायु प्रदूषण शमन योजना 2025 शुरू की, जिसके तहत राष्ट्रीय राजधानी में मेट्रो स्टेशन पर 2,300 इलेक्ट्रिक ऑटो तैनात किए जाएंगे, वायु प्रदूषण के लिहाज से सबसे ज्यादा संवेदनशील 13 इलाकों में ह्यमिस्ट स्प्रेयरह्ल लगाए जाएंगे और पीयूसीसी केंद्रों का हर छह महीने में ऑडिट किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि स्वच्छ और स्वस्थ दिल्ली उनकी सरकार का सपना है। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण सीधे तौर पर लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। गुप्ता ने कहा कि ह्यशुद्ध हवा सबका अधिकार-



प्रदूषण पर जोरदार प्रहारह्ल नामक योजना में ह्यएक पेड़ मां के नामह्ल अभियान के तहत पेड़ लगाया जाना भी शामिल है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत सरकार ने इस साल 70 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ह्यएक पेड़ मां के नामह्ल अभियान की शुरूआत की थी, जो माताओं के प्रति सम्मान को पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के साथ जोड़ने वाली एक अनूठी पहल है।

गुप्ता ने कहा कि भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसीसी) जारी करने वाले केंद्रों का हर छह महीने में ऑडिट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यातायात जाम की समस्या पर काबू पाने के लिए सरकार स्मार्ट इंटेलिजेंट ट्रैफिक सिस्टम शुरू कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, कि हम चाहते हैं कि एक नवंबर से दिल्ली में केवल बीएस-6, सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहन ही प्रवेश करें। उन्होंने बताया कि जिन परियोजनाओं का निर्माण स्थल 500 वर्ग मीटर से ज्यादा है, उन्हें दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा।

# भारत तभी पाकिस्तान के साथ बातचीत कर सकता है जब वह हर आतंकी ढांचे के खिलाफ ठोस कार्रवाई करे : थरूर।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ बातचीत करने में समस्या भाषा नहीं है, बल्कि सभ्यता और शांति के लिए एक साझा दृष्टिकोण खोजने की जरूरत है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अगर पाकिस्तान देश में मौजूद हर आतंकवादी बुनियादी ढांचे के खिलाफ उल्लेखनीय कार्रवाई करता है, तो भारत उसके साथ बातचीत कर सकता है। ब्राजील में एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे थरूर ने यह भी कहा कि उनकी टीम ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के संदेश को लातिन अमेरिकी देशों तक सफलतापूर्वक पहुंचाया, जिनमें वे देश भी शामिल हैं जिन्हें कुछ गलतफहमियां हो सकती हैं। थरूर ने पीटीआई की वीडियो सेवा से कहा कि हम अपने वातार्कारों से यही कहते हैं कि अगर पाकिस्तान इतना ही निर्दोष है जितना वह दावा करता है, तो वह वांछित आतंकवादियों को पनाह क्यों देता है? आखिर (आतंकवादी) वे (पाकिस्तान में) सुकून से



रहने, प्रशिक्षण शिविर चलाने और लोगों को कट्टरपंथी बनाने, हथियारों से लैस करने तथा लोगों को अपने हथियारों और कलाश्निकोव (राइफल) का अभ्यास करने के लिए प्रेरित कैसे कर पाते हैं...? उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ बातचीत करने में समस्या भाषा नहीं है, बल्कि सभ्यता और शांति के लिए एक साझा दृष्टिकोण खोजने की जरूरत है। थरूर ने कहा आप आतंकवाद के बुनियादी ढांचे पर नकेल कसें जो आपके देश में हर जगह दिखाई देता है। फिर निश्चित रूप से हम बातचीत कर सकते हैं। उन्होंने कहा, कि हम उनसे हिंदुस्तानी में बात कर सकते हैं। हम उनसे पंजाबी में बात कर सकते हैं। हम उनसे अंग्रेजी में बात कर सकते हैं। पाकिस्तान के साथ साझा आधार तलाशने में कोई समस्या नहीं है। समस्या सभ्यता और शांति के लिए साझा दृष्टिकोण तलाशने की है। हम शांति चाहते हैं, विकास करना चाहते हैं। वे हमें अकेला नहीं छोड़ना चाहते। वे हमें परेशान करना चाहते हैं। वे हमें कमजोर करना चाहते हैं। थरूर ने कहा, वह भारत को हजारों जख्म देकर खत्म करना चाहते हैं। वे इतनी आसानी से खत्म नहीं कर पाएंगे। बेहतर होगा कि वे इस विचार को भूल जाएं। ह्यब्रिक्सह्ल, पांच अग्रणी उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं- ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका का समूह है। ब्राजील 11वें ब्रिक्स संसदीय मंच की मेजबानी कर रहा है।

## बकरों से गुलजार हुआ दिल्ली का मीना बाजार

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
नई दिल्ली । हर साल की तरह इस बार भी जामा मस्जिद के आस-पास की गलियां और सड़कों पर बकरों का बाजार लग चुका है। इस बाजार में राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों से व्यापारी अपने बेहतरीन बकरे लेकर पहुंचे हैं।

सरफराज का बकरा सिकंदर तीन लाख का बिक रहा है। दिल्ली की ऐतिहासिक जामा मस्जिद के आसपास इन दिनों एक अलग ही रौनक देखने को मिल रही है। पूरा मीना बाजार अभी बकरों के खरीदारों से गुलजार है। वहीं जालियों में कैद तीन फुट से ज्यादा की ऊंचाई के बकरे ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। बकरीद से पहले यहां बकरों की बड़ी बाजार सज चुकी है, जिसमें देश के अलग-अलग हिस्सों से लाए गए शानदार नस्लों के बकरे बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। इनकी कीमतें 40 हजार से शुरू होकर तीन लाख तक हैं। वहीं सबसे ज्यादा वजन का बकरा लगभग 2 क्विंटल का बताया जा रहा है।

हर साल की तरह इस बार भी जामा मस्जिद के आस-पास की गलियां और सड़कों पर बकरों का बाजार लग चुका है। इस बाजार में राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों से व्यापारी अपने बेहतरीन बकरे लेकर पहुंचे हैं। विक्रेता सुहेल खुरेशी ने बताया कि पंजाबी बकरा बिट्टल डेढ़ लाख से लेकर तीन लाख तक का बिक रहा है। इस नस्ल के बच्चें गुलाबी बच्चों के नाम से लोगों के बीच मशहूर हैं, क्योंकि ये गुलाबी रंग में पैदा होते हैं, हालांकि आगे चलकर यह रंग सफेद रंग में तब्दील हो जाता है। वहीं एक विक्रेता ने बताया कि सबसे ज्यादा बकरे राजस्थान से आएं हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी 21 जून को आंध्र प्रदेश में मनाएंगे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए आंध्र प्रदेश में रहेंगे। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में मोदी ने कहा, ₹योग दिवस 2025 के प्रति बढ़ते उत्साह को देखकर खुशी हो रही है। 'योग आंध्र



2025' योग को लोकप्रिय बनाने के लिए आंध्र प्रदेश के लोगों द्वारा किया गया एक सराहनीय प्रयास है। मैं 21 तारीख को आंध्र प्रदेश में योग दिवस मनाने के लिए उत्सुक हूं।उन्होंने कहा, ₹मैं आप सभी से योग दिवस मनाने और योग को अपने जीवन का नियमित हिस्सा बनाने का आह्वान करता हूं।

## संसद के आगामी सत्र में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाया जाएगा : सरकारी सूत्र।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
नई दिल्ली। सरकार संसद के आगामी सत्र में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाएगी और कथित भ्रष्टाचार के मामले में उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए सर्वदलीय सहमति बनाने का प्रयास करेगी। सरकारी सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू विभिन्न दलों के नेताओं से बात करेंगे, ताकि उन्हें तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा गठित तीन-सदस्यीय समिति की न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ सौंपी गई रिपोर्ट के बाद उनके विरुद्ध महाभियोग



प्रस्ताव के लिए राजी किया जा सके। इस वर्ष मार्च में राष्ट्रीय राजधानी स्थित न्यायमूर्ति वर्मा के आवास पर आग लगने की घटना हुई थी, जिसके बाद कथित तौर पर जली हुई नकदी बरामद हुई। उस समय न्यायमूर्ति वर्मा दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायाधीश थे। न्यायाधीश वर्मा ने खुद को निर्दोष बताया, लेकिन उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त समिति ने उन्हें दोषी ठहराया। विवाद के दौरान इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित किए गए न्यायमूर्ति वर्मा को इस्तीफा देने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने इससे इनकार कर दिया। इसके बाद न्यायमूर्ति खन्ना ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर महाभियोग प्रस्ताव की संस्तुति की, जो उच्च न्यायपालिका के सदस्यों को सेवा से हटाने की प्रक्रिया है।

# पेज एक का शेष...

## पाकिस्तान को जड़ से मिटा देंगे और तुर्की बीच में आया तो...

यह ग्रीस के लिए सहायक होगा यदि भारतीय वायु सेना एथेंस को यह जानकारी दे सके कि हाल ही में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संक्षिप्त संघर्ष के दौरान राफेल ने कैसा प्रदर्शन किया। हिंद महासागर और भूमध्य सागर और एजियन सागर में संयुक्त सैन्य अभ्यास तुर्की और पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार कार्य करने की चेतावनी देगा। कश्मीर मुद्दे पर ग्रीस का भारत को और अधिक खुला समर्थन तथा तुर्की द्वारा ग्रीस के खिलाफ इस्तेमाल किए जाने वाले मुद्दों और खतरों पर भारत का ग्रीस को समर्थन। संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर एथेंस और दिल्ली के बीच घनिष्ठ सहयोग। अंत में, दोनों पक्षों के बीच परमाणु प्रौद्योगिकी में एक प्रभावी सहयोग तुर्की और पाकिस्तान को सशस्त्र संघर्षों के लिए परिस्थितियाँ बनाने से पहले दो बार सोचने पर मजबूर करेगा।

## यूपी पुलिस भर्ती में मिलेगा 20 फीसदी आरक्षण

मेगा श्रेणी की पांच इकाइयों को प्रोत्साहन धनराशि की स्वीकृति मिली – कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2017' के तहत मेगा श्रेणी के औद्योगिक उपक्रमों द्वारा पांच इकाईयों को प्रोत्साहन धनराशि देने के प्रस्ताव पर मुहर लगाई। इसके तहत पहली किस्त 8.68 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति दे दी गई।

## 'हमें मनाने की जरूरत नहीं', ट्रंप के दावे पर शशि थरूर की दो टूक, पाकिस्तान को भी लताड़ा

'हम युद्ध नहीं विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं'- ब्राजील में शशि थरूर ने कहा कि 'हम अमेरिकी राष्ट्रपति पद का बहुत सम्मान करते हैं और हम उसी सम्मान को ध्यान में रखते हुए बात करेंगे, लेकिन मोटे तौर पर कहें तो हमारी समझ थोड़ी अलग है। हमें रोकने के लिए किसी को मनाने की जरूरत नहीं थी। हमने पहले ही रुकने के लिए कह दिया था। अगर अमेरिकी राष्ट्रपति या उनके वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किसी को मनाने की जरूरत थी, तो वह पाकिस्तानियों को मनाने की थी। उन्हें मनाना पड़ता। हमें मनाने की जरूरत नहीं है क्योंकि हम युद्ध नहीं चाहते। हम विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। यही मूल संदेश है।'

'पाकिस्तान ने प्रतिक्रिया नहीं की होती तो हम भी नहीं करते'- थरूर ने कहा कि 'हमने 7 मई को शुरू से ही लगातार कहा था कि हम संघर्ष को लंबा खींचने के इच्छुक नहीं हैं। यह किसी तरह के युद्ध की शुरूआत नहीं है। यह सिर्फ आतंकवादियों के खिलाफ प्रतिशोध है, बस। अगर पाकिस्तान ने प्रतिक्रिया नहीं की होती, तो हम भी प्रतिक्रिया नहीं करते।'

ट्रंप के दावे को भारत कर चुका है खारिज- डोनाल्ड ट्रंप का दावा है कि भारत-पाकिस्तान के बीच उन्होंने ही मध्यस्थता कराई। ट्रंप ने ही सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में सबसे पहले भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम की जानकारी दी थी। हालांकि भारत ने ट्रंप ने दावे को खारिज कर दिया। भारत ने बताया कि पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारतीय समकक्ष को फोन करके संघर्षविराम की अपील की थी। जिसके बाद संघर्षविराम हुआ।

## सरकारी नौकरी की आड़ में आतंक से रिश्तेः जम्मू-कश्मीर में तीन कर्मचारी बर्खास्त

जिन कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया था, उनमें मलिक इश्फाक नसीर, जो पुलिस में कांस्टेबल थे, अजाज अहमद, जो स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षक थे, और वसीम अहमद खान, जो सरकारी मेडिकल कॉलेज, श्रीनगर में जूनियर असिस्टेंट थे।

इन तीनों कर्मचारियों पर कई गंभीर आरोप है। जिनमें आतंकवादी गतिविधियों में सीधे या परोक्ष रूप से संलिप्त होना, देश की सुरक्षा और संप्रभुता को खतरा पैदा करना और आतंकवादी संगठनों को सहायता देना शामिल हैं। यह निर्णय जांच एजेंसियों द्वारा जुटाए गए सबूतों और खुफिया रिपोर्टों पर आधारित है। प्रशासन का कहना है कि जम्मू-कश्मीर सरकार आतंकवाद और देशविरोधी गतिविधियों पर जीरो टॉलरेंस लागू करती है।

## पंजाब में पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार

पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि काउंटर-इंटेलिजेंस-पंजाब से मिली सूचना के आधार पर तरनतारन पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में गगनदीप सिंह उर्फ गगन को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी पाकिस्तान आईएसआई और गोपाल सिंह चावला के संपर्क में था और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना की गतिविधियों से संबंधित संवेदनशील जानकारी साझा कर रहा था।

जांच में पता चला है कि वह सेना की तैनाती और रणनीतिक स्थानों सहित वगीर्कृत विवरण साझा करने में लगा हुआ था, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा हो सकता था। गगनदीप सिंह पिछले पांच वर्षों से पाकिस्तान स्थित खालिस्तानी समर्थक गोपाल सिंह चावला के संपर्क में था, जिसके माध्यम से उसे पाकिस्तानी खुफिया संचालकों (पीआईओ) से मिलवाया गया था। उसने भारतीय चैनलों के माध्यम से पीआईओ से भुगतान भी प्राप्त किया। पीएस सिटी, तरनतारन में आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## पाकिस्तान ने 48 घंटे तक लड़ने का दम भरा हमने आठ घंटे में घुटनों पर ला दिया

'असीम मुनीर ने भारत और हिंदुओं के खिलाफ जहर उगला था'

सीडीएस जनरल चौहान ने युद्ध के अलग-अलग तरीकों पर कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में युद्ध और राजनीति समानांतर रूप से हो रही थी। पहलगाम में जो कुछ हुआ, उससे कुछ सप्ताह पहले ही पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने भारत और हिंदुओं के खिलाफ जहर उगला था। हमने सीमा बढ़ा दी है, आतंक को पानी से जोड़ दिया है, आतंक के खिलाफ सैन्य अभियान की नई रेखा खींची है।

'ऑपरेशन जो उन्हें लगा कि 48 घंटे चलेगा, 8 घंटे में ही खत्म हुआ'- सीडीएस ने कहा कि 10 मई को रात करीब एक बजे उनका (पाकिस्तान का) लक्ष्य 48 घंटे में भारत को घुटने टेकने पर मजबूर करना था। कई हमले किए गए और उन्होंने इस संघर्ष को और बढ़ा दिया। हमने तो सिर्फ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। ऑपरेशन जो उन्हें लगा कि 48 घंटे तक चलेगा, लगभग 8 घंटे में ही खत्म हो गया और फिर उन्होंने फोन उठाया और कहा कि वे बात करना चाहते हैं...'

'बताएंगे कि कितने विमान नष्ट किए और हमने कितने रडार नष्ट किए'- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हुए नुकसान के बारे में पूछे जाने पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा, 'जब मुझसे हमारी ओर से हुए नुकसान के बारे में पूछा गया तो मैंने कहा कि ये महत्वपूर्ण नहीं हैं। परिणाम और आप कैसे कार्य करते हैं, ये महत्वपूर्ण है। नुकसान के बारे में बात करना बहुत सही नहीं होगा। मान लीजिए कि आप क्रिकेट टेस्ट मैच में जाते हैं और आप किसी भी तरह से जीत जाते हैं, तो कितने विकेट, कितनी गेंदें और कितने खिलाड़ी हैं, इसका कोई सवाल ही नहीं है। तकनीकी मापदंडों के आधार पर हम यह विशेष डेटा निकालेंगे और आपके साथ साझा करेंगे। हम आपको बताएंगे कि हमने कितने विमान नष्ट किए और हमने कितने रडार नष्ट किए। हम इसका एक मोटा आकलन करेंगे और जल्द ही इस बारे में बताएंगे।'

'पाकिस्तान को सूचित कर दिया था'-सीडीएस ने कहा कि हमने 7 मई को स्ट्राइक के दिन ही पाकिस्तान को सूचित कर दिया था। जब पाकिस्तान की तरफ से बयानबाजी हुई, तो हमने यह भी कहा कि अगर पाकिस्तान हम पर हमला करता है, सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला करता है तो हम उन्हें जवाब देंगे, जोरदार जवाब देंगे।

## राहुल ने जूते पहने ही दी इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि, मोहन यादव बोले- ये हमारे संस्कार के खिलाफ

सीएम मोहन यादव ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता यहां हैं, लोकतंत्र में यहां सभी का स्वागत है। लेकिन बिना जूते उतारे अपनी दादी को पुष्पांजलि अर्पित करना ठीक नहीं है। यह हमारी परंपरा और संस्कृति के अनुरूप नहीं है। सीएम की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विंग प्रमुख मुकेश नायक ने कहा कि हम बहुत कर्मकांड करने वाले लोग नहीं हैं... संस्कार के नाम पर आंखों में धूल झोंकना, संस्कार के नाम पर देश में धार्मिक कट्टरता को बढ़ावा देना, संस्कार के नाम पर नकली लोगों को नकली कपड़े पहनाकर जनता के बीच खड़ा करना, भारत में ऐसे दिन खत्म हो चुके हैं।

उन्होंने कहा कि जनता इन सबसे तंग आ चुकी है, अब एक ही काम हैः समतामूलक समाज बनाना और समावेशी दृष्टिकोण रखते हुए सबके विकास के बारे में सोचना। यही कांग्रेस की विचारधारा है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस पार्टी को 2023 के विधानसभा और 2024 के लोकसभा चुनावों में लगातार हार का सामना करना पड़ा है। गुजरात के बाद मध्य प्रदेश दूसरा भाजपा शासित राज्य है, जहां कांग्रेस संगठन सृजन अभियान शुरू कर रही है। राहुल गांधी राज्य पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी), विधायकों और पूर्व सांसदों और संगठन सृजन अभियान के तहत अलग-अलग जिलों के लिए नियुक्त पर्यवेक्षकों के साथ कई बैठकें करेंगे। शाम को भोपाल से रवाना होने से पहले वह राज्य भर के पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को भी संबोधित करेंगे।

## क्या अब वन नेशन, वन हसबैंड की स्कीम है?

अगर आपके घर सिंदूर भेजा जाता है, तो क्या आप मोदी के नाम का सिंदूर लगाएंगे? क्या 'एक राष्ट्र, एक पति' आपकी नई योजना है? प्रधानमंत्री पर उनके हमले में आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह की तीखी टिप्पणी की याद ताजा हो गई, जिन्होंने कथित अभियान की निंदा करते हुए इसे सस्ता राजनीतिक स्टंट बताया। सिंह ने एक लोकप्रिय हिंदी फिल्म के संवाद पर आधारित एक्स पर पोस्ट किया था, "क्या चुटकी सिंदूर का महत्व आप क्या जानते हैं मोदी जी? भारतीय संस्कृति में, महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र, सम्मान और कल्याण के प्रतीक के रूप में सिंदूर लगाती हैं। यह गर्व, गरिमा और गहरे भावनात्मक अर्थ को दशार्ता है। लेकिन अब, 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' और 'एक राष्ट्र, एक नेता' जैसी योजनाओं को आगे बढ़ाने के बाद, प्रधानमंत्री ने 'एक राष्ट्र, एक पति' की शुरूआत की है।

राज्यसभा सांसद ने सवाल किया कि क्या इस अभियान का मतलब यह है कि देश भर की महिलाओं से प्रतीकात्मक रूप से प्रधानमंत्री मोदी को अपना पति स्वीकार करने के लिए कहा जा रहा है। इस टिप्पणी ने राजनीतिक हलचल पैदा कर दी, जिसमें केरल कांग्रेस इकाई ने भी प्रधानमंत्री मोदी का एक व्यंग्यात्मक पोस्टर पोस्ट करके इसमें शामिल हो गई, जिसका शीर्षक था ह्लएक राष्ट्र, एक पति ह्व पोस्टर में 9 जून से शुरू होने वाले एक महीने तक चलने वाले सिंदूर प्रचार अभियान का भी संदर्भ दिया गया था, जिसमें भाजपा सांसदों से इसे बढ़ावा देने के लिए प्रतिदिन 15-20 किलोमीटर चलने की उम्मीद की गई थी।

# श्रीमती ब्रह्मादेवी सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर में 10 दिवसीय शिविर का समापन

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
हापुड़। मोदीनगर मार्ग स्थित ब्रह्मादेवी सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास, उनके जुनून एवं कौशल की पहचान तथा सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए गत 25 मई से 10 दिवसीय खेलकूद प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन (भारत) रजिस्टर्ड द्वारा आयोजित किये गये कैम्प के समापन कार्यक्रम का आरम्भ विकास गोयल ,प्रदीप गुप्ता योगासन स्पोर्ट्स भारत



रजिस्टर्ड के प्रेसिडेंट प्रशान्त आर्य एवं सैक्रेटरी जनरल स्वामी सुरेन्द्रानन्द सरस्वती तथा सत्यपाल सिंह, रविन्द्र मोहन शर्मा, पंकज गुप्ता के द्वारा माँ शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। अतिथियों का सम्मान भारतीय परम्परा के अनुसार किया गया। विगत 10 दिनों में छात्राओं द्वारा ₹कोमल हैं कमजोर नहीं₹ को चरितार्थ करते हुए आत्मरक्षा तथा देश की रक्षा हेतु सीखी गई विभिन्न कलाओं जैसे- तलवार बाजी, लाठी चलाना, मार्शल आर्ट, शूटिंग आदि का प्रशिक्षण दिया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनाक्षी यादव ने छात्राओं की उत्कृष्ट प्रस्तुति की सराहना की ब्याज पर भविष्य के लिए आशीर्वचन दिया।

## हापुड़ के ग्राम डहाना में जन चौपाल का आयोजन

# अधिकारीगण ग्राम वासियों की समस्याओं का त्वरित करें निस्तारण : अभिषेक पांडेय

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
हापुड़ । जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता में ग्राम डहाना के ग्राम प्रधान के द्वारा जन चौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा ग्राम वासियों को दी गई। उन्होंने ग्राम वासियों से गांव की समस्याएं सुनी तथा मौके पर संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा उनका निस्तारण कराया गया तथा जो समस्याएं लंबित रह गई हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। ग्रामीणों द्वारा



खसरा/खतौनी की नकल निकलवाने हेतु निर्धारित धनराशि से अतिरिक्त धनराशि वसूलने को लेकर लेखपाल की जिलाधिकारी से शिकायत की गई।? जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिला अधिकारी हापुड़ को संबंधित लेखपाल के विरुद्ध सस्पेंड की कार्रवाई करते हुए प्रकरण की जांच के निर्देश दिए।जन चौपाल के दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गौतम, उपजिलाधिकारी , जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी हापुड़ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### माँ पद्मावती की भक्ति श्लोक में भव्य संगीत



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

बागपत। नगर के तिरुवनंतपुरम रोड पर स्थित श्री चंद्रप्रभु चेतायल की पार्श्वभूमि में भगवाननाथ और माता पद्मावती की भक्ति मूर्ति हुई, इसमें सरदारों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम के श्रोता एवं सुप्रसिद्ध समाज सेविका सरगम दिल्ली व शुभम जैन बडौत ने भगवान पार्श्वनाथ व माता पद्मावती की भक्ति से भरा एक भजन सुना, जिसमें सभी ने अपने शिष्यों को नहीं रोका और मंदिर में जोरदार नृत्य किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी को प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर पूना जैन, बबीता जैन, रूबी जैन, संतोष जैन, पंडित हंसराज जैन, संदीप जैन, अनिल जैन, दीपक जैन, विशाल जैन, गौरव जैन, विवेक जैन आदि थे।

### 20 फिट ऊंचा प्रवेश द्वार बनेगा औद्योगिक क्षेत्र की पहचान

गाजियाबाद । आवासीय इलाके के बीच बसा साइट-4 औद्योगिक क्षेत्र अब अलग नजर आएगा। औद्योगिक क्षेत्र में प्रवेश के लिए दो अलग-अलग करीब 20 फिट ऊंचे प्रवेशद्वार बनाए जाएंगे। प्रवेश द्वार का नक्शा पास हो चुका है और इसका बजट भी प्रस्तावित हो चुका है।

यूपीसीडा के डीजीएमआर आरएस यादव ने बताया कि प्रवेश द्वार के लिए करीब 46 लाख का बजट प्रस्तावित हो चुका है। इसका टेंडर भी हो चुका है, जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। साइट-4 औद्योगिक क्षेत्र सौर ऊर्जा मार्ग के आगे से शुरू होते हुए कौशांबी डिपो तक विस्तारित है। वहीं यह औद्योगिक क्षेत्र वसुंधरा और वैशाली के पीछे भी पड़ता है। वहीं मुख्य तौर पर साइट-4 जाने के लिए लोग कौशांबी और सौर ऊर्जा मार्ग वाला रास्ता अपनाते हैं। डीजीएमआर ने बताया कि साइट-4 औद्योगिक क्षेत्र में प्रवेश के लिए दो भव्य प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे। इनमें से एक साहिबाबाद रेपिड स्टेशन की ओर से बनाया जाएगा जो सौर ऊर्जा मार्ग पर बनेगा। वहीं दूसरा प्रवेश द्वार कौशांबी की ओर से बनाया जाएगा। दोनों की ऊंचाई करीब 20 फिट होगी।

दोनों ही प्रवेश द्वार पर यूपीसीडा की ओर से ग्रीन कोरिडोर बनाए जाएंगे। वसुंधरा की ओर बनाया जाने वाला प्रवेश द्वारा की चौड़ाई सड़क के दोनों लेन के बराबर होगी। सौर ऊर्जा मार्ग पर जाने और आने वाले दोनों रास्ते को यह कवर करेगा। इसके दोनों ओर हरियाली होगी ओर ग्रीन बेल्ट विकसित किया जाएगा। कौशांबी की ओर से बनाया जाने वाला भव्य प्रवेश द्वार वेब सिटी के प्रवेश द्वार के तर्ज पर निर्मित होगा। यहां हरियाली के साथ ही दोनों ओर फव्वारा भी लगाया जाएगा।

# शाहिद अखलाक की मीट फैक्टरी पर छापा

## पशुओं के रिकॉर्ड में हेरफेर की आशंका

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
मेरठ । मेरठ खरखोदा मार्ग स्थित शाहिद अखलाक की मीट फैक्ट्री पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने छापा मारा । प्राप्त जानकारी के अनुसार अल साकिब फैक्ट्री में रिकॉर्ड में हेरा फेरी मिली व बिना टैग के पशुओं का कटान भी होता मिला। फैक्टरी में तैनात पशु चिकित्सा अधिकारी को नोटिस दिया गया है। पशु कटान में अनियमित्ताओं को लेकर शिकायत पर को लेकर पूर्व सांसद शाहिद अखलाक की मीट फैक्टरी अल साकिब पर जिलाधिकारी और एसएसपी ने प्रदूषण विभाग व पशुपालन विभाग की टीम को साथ लेकर छापा मारा। मंगलवार को की गई कार्रवाई में मीट फैक्टरी में पशुओं का कटान तो होता नहीं मिला, लेकिन कैमरे बंद मिले। एक दिन पहले गेट से अंदर पहुंचे



और एंटीमॉर्टम वाले स्थान पर सीसीटीवी फुटेज में पशुओं की संख्या में अंतर मिला था। बिना टैग के पशुओं का कटान किया जा रहा था। इस पर पशु चिकित्साधिकारी को डीएम ने जमकर फटकार लगाई। पशु चिकित्सक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद जिला प्रशासन हरकत में आया। मंगलवार को जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह, एसएसपी डा. विपिन ताडा अन्य अधिकारियों की टीम को साथ लेकर हापुड़ रोड स्थित अल साकिब मीट फैक्टरी पर पहुंचे। कंपनी पशुओं का मीट विदेशों में एक्सपोर्ट करती है। अधिकारियों ने मीट कंपनी एक्सपोर्ट लि. के प्रबंधक से एपीडा द्वारा प्राप्त पशु कटान के लाइसेंस की जानकारी ली । कंपनी संचालकों ने पशु वधशाला का लाइसेंस 2 जून 2025 को समाप्त होने की बात कही? जा रही है।

# पिछले एक सप्ताह में एक मरीज आया पॉजिटिव

## मरीज को उसके घर में क्वारनटीन किया




**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
मेरठ। एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज में कोविड-19 से निपटने के लिए आपातकालीन तैयारियां की गई है। इसमें मरीजों के साथ स्वास्थ्य कर्मचारियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की गई। यह भी व्यवस्था रहेगी कि आपात स्थिति में चिकित्सा सुविधाएं पूरी तरह से जारी रहे। कोविड़ में आपात स्थिति के लिए बनाई गई टीम के हेड डॉ. अरविंद ने बताया कि मेडिकल कॉलेज संक्रमण के जोखिम को कम करने के लिए अलग प्रवेश द्वार और आइसोलेशन वार्ड बनाया गया है। आपातकाल विभाग में कोविड़ के संदिग्ध मरीजों के लिए एक अलग प्रवेश द्वार बनाया है। आईसीयू में की गई बेड की व्यवस्था मेडिकल कॉलेज में 10 बेड वाला कोविड 19 आईसीयू है। यहां वेंटिलेटर के साथ हाईफ्लो ऑक्सीजन सपोर्ट उपलब्ध है। 10 बेड वाला गैर आईसीयू आइसोलेशन वार्ड भी बनाया गया है। आईसीयू और गैर आईसीयू आइसोलेशन वार्ड में अलग-अलग नर्सिंग स्टाफ को तैनात किया गया। यह भी ध्यान रखा जा रहा है कि अस्पताल के अन्य हिस्सों में संक्रमण न फैल सके।

# हापुड़ में शराब के ठेके पर सेल्समैनों की गुंडई...

## शराब लेने आए ग्राहक को अंदर बंद कर जमकर पीटा

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
हापुड। जिले में थाना देहात क्षेत्र अंतर्गत गढ़ रोड स्थित रेलवे फाटक के पास एक शराब के ठे-के के अंदर सेल्समैनो की



गुंडई देखने को मिली है।यहां एक ग्राहक को दुकान के अंदर बंद कर जमकर पीटा जा रहा है। घटना से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल हो रहे इस वीडियो में देखा जा रहा है कि दुकान के सेल्समैन एक युवक को नीचे गिरा कर उस पर लात घूंसे बरसा रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह विवाद रुपयों के लेनदेन को लेकर शराब दुकान के सेल्समैन और ग्राहक के बीच हुआ था,बाद में स्थानीय लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत करा दिया।

### शर्मिष्ठा की गिरफ्तारी के विरोध में उपवास करेंगे यति

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**
गाजियाबाद। यति नरसिंहानंद ने शर्मिष्ठा पनोली की गिरफ्तारी को असंवैधानिक बताते हुए गांधी स्मारक पर अपने शिष्यों के साथ उपवास करने का ऐलान किया है। मंगलवार को एक विडियो जारी करते हुए उन्होंने कहा है कि डॉ. उदिता त्यागी सहित उनके शिष्य आठ जून को महात्मा गांधी की समाधि पर सुबह 10:00 बजे से लेकर शाम छह बजे तक उपवास करेंगे।

यह उपवास शर्मिष्ठा की गिरफ्तारी के लिए दुख प्रकट करने के लिए है। यह उपवास पूरी तरह शांतिपूर्वक होगा। कोई नारेबाजी या प्रदर्शन नहीं किया जाएगा। यति नरसिंहानंद ने कहा कि इस देश में हिंदुओं के देवी-देवता का अपमान करने वाले सम्मानित होते हैं और अपनी पीड़ा कहने वाले लोग जेल में ठूंस दिए जाते हैं। यही निर्दोष शर्मिष्ठा के साथ हुआ है।

# आयु पूरी होने से पहले ही आ गई पिलखुवा फ्लाईओवर के पिलर में दरार

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
गाजियाबाद। पिलखुवा में एनएच 24 पर बने फ्लाईओवर की आयु पूरी होने से पहले ही उसके पिलर संख्या 132 में दरार आ गई है। फ्लाईओवर में दरार आने के बाद से संबंधित फर्म की ओर से अब इस दरार को भरने का काम शुरू कर दिया गया है। वहीं, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों की ओर से दरार न आने की बात भी कही जा रही है। जबकि मौके पर मशीनों को लगाकर दरार भरने का ही कार्य किया जा रहा है।वर्ष 2020 में पिलखुवा में 5.5 किमी लंबा फ्लाईओवर बनकर तैयार किया गया था। यह फ्लाईओवर दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे परियोजना के पैकेज संख्या तीन का हिस्सा है। फ्लाईओवर को दिल्ली, गाजियाबाद और नोएडा की कनेक्टिविटी को आसान करने के उद्देश्य से बनाया गया था। यह फ्लाईओवर करीब 20 करोड़ रुपये की लागत से बनाकर तैयार किया गया था। नाम न छापने की शर्त पर संबंधित फर्म के एक कर्मचारी ने बताया कि तीन दिन पूर्व फ्लाईओवर से किसी ओवरलोडेड वाहन के खराब हो जाने के बाद पुल पर ही वाहन पियर कैप के निकट ही ठीक किया गया। इसकी वजह से फ्लाईओवर पर एक ही समय पर कई मीट्रिक टन का दबाव एक ही स्थान पर आ गया। इसकी वजह से संबंधित पिलर संख्या 132 में नीचे तक इसका असर पड़ा और परिणामस्वरूप दरार आ जाने की बात कही की जा रही है। पिलखुवा फ्लाईओवर के बनने के बाद से यह पहली बार हुआ है कि इसमें कोई खामी आई है। वहीं, एनएचएआई के अधिकारियों की ओर से ऐसी कोई कमी की शिकायत न आने की बात कही जा रही है।

# ज्येष्ठ मंगल पर हनुमान मंदिर में रामायण पाठ और भंडारा



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**
सीतापुर। महमूदाबाद स्थित गुलरामऊ गांव में ज्येष्ठ मास के चौथे मंगल पर विशेष धार्मिक आयोजन हुआ। स्थानीय हनुमान मंदिर में रामायण पाठ और भंडारे का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह मंदिर तीन साल पहले गुलरामऊ निवासी राम लाल गुप्ता ने बनवाया था। मंदिर में नियमित रूप से सुबह-शाम आरती और पूजा-पाठ का आयोजन होता है।

मंदिर के संरक्षक राजू गुप्ता और कमलेश गुप्ता ने बताया कि हनुमान जी की कृपा से हर साल कन्या भोज और भंडारे का आयोजन जारी रहेगा। कार्यक्रम में तुषार गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, अमृत गुप्ता, संगीता गुप्ता, सीता गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता के साथ आंचल, माही, गौरी समेत कई श्रद्धालु शामिल हुए।

# उमस भरी गर्मी के बीच मौसम में उतार-चढ़ाव जारी, हल्की बूंदाबांदी और तेज हवा के आसार

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**
मेरठ । मंगलवार को उमस भरी गर्मी से लोग परेशान रहे। आसमान में कभी तेज धूप तो कभी हल्के बादल नजर आए। मौसम विभाग ने बूंदाबांदी और तेज आंधी की संभावना जताई है।

मेरठ में मंगलवार को शहरवासियों की सुबह गर्म और चिपचिपी हवा के साथ शुरू हुई। हल्की हवा और रुक-रुक कर आती तेज धूप के बीच लोग बेहाल नजर आए। मौसम का मिजाज कभी बादलों से ढका तो कभी चटक धूप से तपता रहा, जिससे मौसम का मिजाज लगातार बदलता रहा।

**लू का असर कम, लेकिन उमस ने बढ़ाई बेचैनी**

हालांकि पिछले एक सप्ताह में लू का असर कुछ कम हुआ है, लेकिन उमस ने लोगों की तकलीफें बढ़ा दी



हैं। मौसम विभाग ने बताया है कि आने वाले दो-तीन दिन मौसम ऐसा ही बना रहेगा। तापमान 35 से 38 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है।

**तेज हवा और हल्की बारिश की संभावना**

मौसम वैज्ञानिक डॉ. यूपी शाही के मुताबिक, मंगलवार को हल्की बूंदाबांदी और तेज हवाएं चल सकती हैं। इससे अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री की गिरावट हो सकती है, लेकिन उमस बनी रहेगी।

**जून की शुरूआत में ही दिखा बदलाव**

जून की शुरूआत में ही तापमान में हल्का उतार-चढ़ाव दर्ज किया गया है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि फिलहाल मौसम में बड़ा बदलाव नहीं दिखेगा, लेकिन बादल और हवा कभी राहत तो कभी बेचैनी का कारण बनेंगे।

मेरठ में आज का दिनमान व मौसम
तापमान 32.1°C
सूर्योदय 05:21
सूर्यास्त 07:14 स्त्रे
हवा की गति -11.1 किमी प्रतिघंटा
आर्द्रता -48%
बारिश की संभावना -0%
चंद्रोदय -12:20
चंद्रास्त - 1 बजकर 04 मिनट

# संपादकीय

## निशाने पर सिर्फ मूर्ति भर नहीं है!आभार : बादल सरोज

मप्र हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ के परिसर में डॉ. बी आर अम्बेडकर की मूर्ति लगाने के सवाल पर हो रहे विरोध को सिर्फ स्वयं को वकील बताने वाले चंद कुंदबुद्धि, जातिवादी, लम्पट और स्तरहीन व्यक्तियों की खुराफात समझना गलत समझदारी होगी। निशाने पर सिर्फ मूर्ति भर नहीं है, निशाने पर सिर्फ बाबा साहब भी नहीं हैं, असली निशाना भारत को कुछ हद तक रहने योग्य तथा भविष्य में बेहतरी की ओर जाने की संभावना वाला बनाने वाला वह हासिल है, जिसे सैकड़ों वर्ष तक चले सामाजिक सुधार के संघर्षों और कोई नब्बे साल चले महान स्वतंत्रता संग्राम ने पाया है। इनके निशाने पर वह रोशनी है, जो मनु की अंधेरी गुफा में सदियों तक जकड़े रहे भारत के समाज ने बड़ी मुश्किल से हासिल की है। इनके निशाने पर भारत का वह संविधान है, जिसने कोई पांच-सात हजार साल की सभ्यता के इतिहास में पहली बार सबकी समानता, समता की बात लिखी गयी। सबकी बराबरी के अधिकार वाले लोकतंत्र को स्थापित किया। अपनी बात कहने, असहमति और विरोध जताने, संगठित होने तथा अपनी मर्जी और पसंद का धर्म मानने अथवा कोई भी धर्म न मानने के बुनियादी अधिकार दिए भी, दिलाये भी। बाबा साहब अम्बेडकर इसको बनाने वाली संविधान सभा की ड्राफ्टिंग कमेटी के चेयरमैन थे, इसलिए उन्हें इस देश की जनता ने संविधान निमार्ता माना। इस प्रकार उनकी मूर्ति लगाए जाने का विरोध सिर्फ उनकी मूर्ति लगाए जाने का विरोध भर नहीं है ; वे जिसके प्रतीक मान लिए गए हैं, उस सबका निषेध है। जो इस मसले को दलित बनाम सवर्ण बताने की डेढ़ सियानपट्टी दिखा रहे हैं, वे दरअसल ऐसा इसलिए कर रहे हैं, ताकि अपनी बुरी नीयत और पापी इरादे को जाति की भेड़ की खाल में छुपा सकें। पृथ्वी के इस भूभाग के 'आदि वैद्य' कहे जाने वाले चरक की उक्ति में कहा जाए, तो जो इस तरह की ह्यचतुराईह्न कर रहे हैं, वे निस्संदेह बड़े वाले धूर्त हैं और जो इनके झांसे में आ रहे हैं, वे उनसे भी ज्यादा बड़े वाले मूर्ख हैं। अफसोस की बात है कि धूर्तता और मूर्खता का यह मधुमिलन उस हाईकोर्ट के परिसर में हो रहा है, जिसे जनता न्यायविद्वत्ता और विवेक का परिसर मानती है। उन वकीलों के बीच, उनके नाम पर हो रहा है, जिन्हें विद्वान्‌ और समझदार तथा समाज की चेतना को आगे बढ़ाने वाला, उसे संस्कारित करने वाला माना जाता है। बाबा साहब की मूर्ति कोई ऐसे ही नहीं पधराई जा रही थी। किसी दूसरे का ताला तोड़कर, रात के अँधेरे में किसी दूसरे धर्म के पूजाघर में घुसकर जबरिया नहीं बिठाई जा रही थी। बाकायदा सारे नियम-विधानों और उच्चतम आदेशों के समुचित क्रियान्वयन के साथ लगाई जा रही थी। यह प्रक्रिया इन राहों से गुजर कर पूरी हुई :

19 फरवरी 2025 को मप्र के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को ग्वालियर के ज्यादातर वकीलों के हस्ताक्षर से युक्त एक ज्ञापन दिया गया, जिसमे डॉ. अम्बेडकर की मूर्ति लगाने का आग्रह किया गया।

26 मार्च को उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार ने आदेश दिया कि अधिकांश वकीलों की राय को देखते हुए मूर्ति की स्थापना की जाए।

इस बीच नगर निगम बनाएगी या सरकार, पैसा कहाँ से आयेगा वगैरा की संभावित वितंडा और आशंका से बचने के लिए स्वयं वकीलों ने कोई दस लाख रुपये इकठ्ठा करके मूर्ति का निर्माण करवा लिया।

21 अप्रैल को हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार ने पी डब्लू डी विभाग को आदेश दिया कि वह मूर्ति लगाने के लिए चबूतरे का निर्माण करे। चबूतरा बन गया।

10 मई को कुछ कथित वकीलों ने गिरोह बनाकर जहाँ प्रतिमा स्थापित होनी थी, ठीक उस चबूतरे पर जाकर तिरंगा फहरा दिया।

यह राष्ट्रध्वज का दुरुपयोग ही नहीं, उसका अपमान और एक ऐसा अपराध भी था, जिसके लिए दण्ड तक के प्रावधान है। मगर इन दिनों देश का यह दुर्भाग्य बन गया है कि जिन्होंने आजादी की पूरी लड़ाई में तिरंगे को कभी हाथ में नहीं लिया, आजादी के बाद जब इसे राष्ट्रध्वज का दर्जा मिला, तो इसका विरोध किया, इसे अपशकुनी तक बताया, इसे कभी अपने देश का झंडा न मानने की घोषणाएं की, इन दिनों वे ही इस झंडे का इस्तेमाल अपने कुकर्मों, असफलताओं और कुत्सित इरादों को छुपाने के लिए कर रहे हैं। ठीक वही अदा यहाँ दिखाई गयी। 14 मई से झ्र जिस गिरोह से ये ताल्लुक रखते हैं, उसकी आई टी सैल के अंदाज में - सोशल मीडिया पर मुहिम छेड़ दी गयी और पोस्टरबाजी शुरू हो गयी। इसी गर्मागर्मी में 17 मई को कथित भीम आर्मी का कोई बन्दा मूर्ति लगाने का ज्ञापन देने गया, तो उस पर हमला बोल दिया गया। हमलावर कौन थे, यह खुद उन्हीं ने वायरल हुए वीडियोज में बताया है। खुद को सनातनी और हिन्दुत्ववादी बताते हुए उन्होंने दलितों को छूट गालियाँ दीं। उन्हें आरक्षण देकर कहाँ से कहाँ तक पहुंचाने के ताने और उलाहने दिए। उस समय जो मप्र हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश थे, उन जस्टिस सुरेश कुमार कैथ झ्र जो दलित भी हैं झ्र को उनकी जाति की याद दिलाते हुए घोर आपत्तिजनक टिप्पणियाँ की गयीं। खुलेआम मारने, तोड़ने की धमकियां और डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा लगने पर उसे तोड़कर गिराने की गीदड़ भभकियां तक दी गयीं। यह सब होता रहा और सरकार और उसका प्रशासन हाथ हाथ पर हाथ धरे बैठा रहा। मीडिया इसे वकीलों के दो समूहों के बीच का विवाद बताता रहा और इस तरह अपराध को वाद-विवाद की चादर ओढ़ाता रहा। कुल मिलाकर सार यह है कि बाबा साहब की मूर्ति के बहाने जो लपक रहे है, उनके वेश या बाने पर जाने की बजाय इरादे पर जाना होगा। मिथिहासों में रावण साधु का वेश धर कर आया था। मारीच सोने का हिरण बनकर आया था। शकुनि मामा बनकर आया था। मिथकों और महा आख्यानों में ऐसे उदाहरणों की भरमार है कि भेड़िये कोई भी रूप धरकर आ सकते हैं। इन दिनों भेड़िये संविधान को चींथने और भभोड़ने के लिए झपट रहे हैं। अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग झुण्ड छोड़ दिए गए हैं। इस बार भेडिये तिलक लगाकर सनातन का बाना ओढ़कर आये हैं। सामान्य विवेक और विधि सम्मत राज की पहली शर्त है कि इन पर मुकद्दमे दर्ज किये जाने चाहिए, इस तरह का द्वेष और गरल फैलाने वालों को यथोचित दण्ड दिया जाना चाहिए। मगर क्या यह काम वो सरकार करेगी, जिसने सारे प्रोटोकॉल ताक पर रखकर सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस गवई को उनकी मुम्बई यात्रा में ओला जैसी प्राइवेट टैक्सी में बिठा दिया ? उन्हें रिसीव करने तक कोई नहीं पहुंचा था!! क्या इसलिए कि वे भारत के उंगलियों पर गिने जाने वाले ऐसे मुख्य न्यायाधीश है, जो दलित समुदाय से इस पद तक पहुंचे हैं। अब जिन्होंने देश के सीजेआई के साथ इस बर्ताव की जिम्मेदारी तय नहीं की, वे ग्वालियर हाईकोर्ट के मूर्ति मामले में कुछ करेंगे? नहीं। संविधान बचाना है, तो भेड़ियों को ललकारना होगा -- इसी के साथ उन्हें भी पहचानना होगा, जो इस तरह के भेड़ियों को पालते हैं, क्योंकि जो समाज इतिहास से सबक नहीं लेता, उसे मारीचों, शकुनियों और मनुओं की वापसी का अभिशाप झेलना पड़ता है। लिहाजा वक़्त का तकाजा है कि जो भी संविधान और उसके बाबा साहब जैसे प्रतीकों का महत्व समझते हैं, उन सबको एकजुट होना चाहिए।

# 15 टीमें करेगी ओडीएफ प्लस गांवों की जांच




**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

बाराबंकी। ओडीएफ प्लस गांवों में कराए गए कार्यों की जांच के लिए डीएम के आदेश पर 15 टीमें गठित की गई हैं। प्रत्येक टीम में एक जिला स्तरीय अधिकारी समेत चार अधिकारियों को लगाया गया है। इन अधिकारियों की रिपोर्ट के बाद ही इन गांवों को खुले में शौच मुक्त प्लस घोषित किया जाएगा। जिले के करीब 1752 गांवों में पिछले तीन वर्षों में कराए गए कार्यों की जांच के लिए यह टीमें गठित की गई हैं। इनमें से 781 गांव पहले ही ओडीएफ घोषित किए जा चुके हैं और 971 गांवों को ओडीएफ घोषित किया जाना है। अधिकारियों की जांच रिपोर्ट के बाद इन गांवों को ओडीएफ घोषित किया जाएगा। जिला पंचायत राज अधिकारी नीतेश भोंडेले ने बताया कि बनीकोडर ब्लॉक के गांवों की जांच भूमि संरक्षण अधिकारी गोमती करेंगे।

इसी तरह बंकी की जांच जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी, दरियाबाद की जांच उपकृषि निदेशक, देवा की जिला कृषि अधिकारी, फतेहपुर की बीएसए, हैदरगढ़ की सहायक आयुक्त सहकारी समितियां द्वारा जांच की जाएगी। इसके साथ ही ॉहरख की जांच जिला कार्यक्रम अधिकारी, मसौली की अधिशासी अभियंता जल निगम, निंदूरा की जांच जिला उद्यान अधिकारी, पूरे डलई की समाज कल्याण अधिकारी, सिद्धौर की जांच भूमि संरक्षण अधिकारी कुर्सी, सिरौलीगौसपुर की जांच उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र, सूरतगंज की उपसंभागीय निदेशक और त्रिवेदीगंज ब्लॉक के गांवों की जांच जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा की जाएगी।

# डा० अम्बेडकर स्टेडियम में साइकिलिंग एक्टिविटी में शामिल हुए 76 युवा

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

अमेठी। मंगलवार को विश्व साईकिल दिवस मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम डॉ अम्बेडकर स्टेडियम में हुआ। साइकिल दिवस पर लोगों को पर्यावरण संरक्षण, दुर्घटनाओं से बचाव और शारीरिक स्वास्थ्य ठीक रखने के संदेश दिए गये । पी एम सी विद्यालय राजकीय इंटर कालेज के तर्कशास्त्र के प्रवक्ता कबड्डी के राष्ट्रीय खिलाड़ी डा अब्दुल हमीद ने छात्र छात्राओं को साइकिलिंग से लाभ की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दो पहिया और चार पहिया वाहनों की संख्या निरंतर बढ़ने से वातावरण में वायु प्रदूषण के खतरे बढ़ रहे हैं। दुर्घटना के खतरे बने रहते हैं। साइकिल से चलना हर दृष्टि से




लाभदायक है। कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम में प्रशिक्षक कौशलेंद्र सिंह ने साइकिल चलाने से होने वाले लाभ के बारे में बच्चों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारे गांव में बुजुर्ग गंगा राम सिंह की उम्र,90साल से अधिक है,वे अभी भी साइकिल चलाते हैं और कभी बीमार नहीं होते।? फिट इण्डिया मिशन के तहत अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अनिल चतुर्वेदी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर साईकिलिंग गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें उक्त साईकिलिंग रेस में 47 बालक एवं 29 बालिका खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उपक्रीडाधिकारी शमीम अहमद व मो० मोसर्रफ खॉ, कनिष्ठ सहायक शिवकुमार मौर्य, जीवन रक्षक राम आसरे यादव, अंशकालिक मानदेय प्रशिक्षक मो० आरिफ, मो० नदीम, लबली तिवारी, मोना सिन्हा आदि मौजूद रहे।

# चार दिन बाद भी अराजकतत्वों को नहीं तलाश सकी पुलिस, लोगों में आक्रोश

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

बहराइच। जनपद के रामगांव थाना क्षेत्र के खसहा मोहम्मदपुर गांव स्थित बागेश्वरी मंदिर में देवी-देवताओं की मूर्तियों को खंडित करने वाले अराजकतत्वों को पुलिस घटना के चार दिन बाद भी नहीं तलाश सकी है। इस घटना को लेकर गांव में तनाव बरकरार है। पुलिस की लचर कार्यवाही को लेकर लोगों में काफी आक्रोश है। माहौल खराब न हो इसके लिए बागेश्वर मंदिर में पीएसी बल तैनात है। साथ ही खसहा मोहम्मदपुर गांव में भी पीएसी भ्रमण कर हालात पर नजर रख रही है। वहीं, पुलिस



छापेमारी कर लोगों को हिरासत में ले रही है और फिर छोड़ दे रही है। बीते कई दिनों से यह सिलसिला जारी है। लेकिन, पुलिस अभी तक घटना को अंजाम देने वालों तक नहीं पहुंच सकी है। इसको लेकर लोगों में काफी नाराजगी है।

ग्रामीणों ने बताया कि जिला प्रशासन व पुलिस ने तनाव को देखते हुए बागेश्वरी मंदिर में खंडित हुई भगवान हनुमान, गणेश-लक्ष्मी, मां सरस्वती व शिवलिंग के स्थान पर नई मूर्तियों को स्थापित करवाया है। लेकिन, प्राण प्रतिष्ठा न होने से पूजन शुरू नहीं हो सका है।

संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। जल्द मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा। - सूरज राणा, थाना प्रभारी रामगांव

# धार्मिक उत्साह के साथ जेष्ठ मास के बड़े मंगल पर भंडारे का आयोजन



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

बाराबंकी। बड़े मंगल पर के भंडारे का आयोजन किया गया। इन भंडारों मे हिंदू-मुसलमान के साथ सभी धर्म संप्रदाय के लोग एकजुट होकर पूरी सब्जी हलवा बूंदी कचौरी शरबत और तरह-तरह के अन्य व्यंजनों का प्रसाद बनवाकर महाबली बजरंगबली को अर्पण कर भक्तों में वितरित कर बजरंग बली जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। यह आयोजन नेल्सन चिल्ड्रन हॉस्पिटल के अमित कुमार सिंह द्वारा किया गया था। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप समाजवादी पार्टी के जैदपुर विधायक गौरव रावत ने चौराहा घंटाघर संतोषी मंदिर धनोखर चौराहा बस स्टॉप तिराहा पर भंडारे का आयोजन किया।

भंडारा वितरण के समय अमित कुमार सिंह, मानिक, मोहम्मद अतीक, पवन यादव,पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ कुलदीप सिंह, युवा सपा नेता अविरल सिंह, जिला उपाध्यक्ष मिथिलेश तिवारी, अजय वर्मा बबलू, कामता प्रसाद यादव, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद यादव, पूर्व प्रधान माता बदल यादव, प्रेम यादव, धर्मू यादव, आदिल काजमी, नियाज अंसारी, गुफरान मिर्जा, राजकुमार वर्मा, सोनू यादव, बलराम यादव सहित तमाम भक्तों ने बजरंगबली जी महाराज का प्रसाद वितरित व ग्रहण किया।

# नाटक के मंच से गूंजा सामाजिक संदेश

## विद्यार्थियों ने दिया स्वास्थ्य और स्वच्छता का संदेश



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

बाराबंकी । समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत चल रहे समर कैंप के अंतर्गत आज जनपद के सभी राजकीय माध्यमिक विद्यालयों एवं इच्छुक अशासकीय सहायता प्राप्त तथा वित्त विहीन विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों ने सामाजिक सरोकारों से जुड़ी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भागीदारी की। दिन की शुरूआत पूर्ववत आधा घंटे के योग एवं व्यायाम से हुई, जिससे विद्यार्थियों ने दिनभर की सक्रियताओं हेतु ऊर्जा प्राप्त की। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने सामाजिक कुरीतियों, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और नशा मुक्ति जैसे विषयों पर लघु नाटक एवं नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। इन प्रस्तुतियों में छात्रों ने अभिनय के माध्यम से जनजागरूकता के संदेशों को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त किया। जिला विद्यालय निरीक्षक? ओ.पी. त्रिपाठी द्वारा विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण कर विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की गई।

# अनियंत्रित होकर रिफाइंड तेल से भरा टैंकर पलटा

## तेल लूटने को लेकर मची ग्रामीणों में होड़

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

अमेठी। कमरौली थाना क्षेत्र के लखनऊ वाराणसी राज मार्ग पर कठौरा के पास सुबह रिफांइड आयल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे पलट गया।टैंकर के पलटते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुँचे और तेल को डिब्बे और बाल्टी में भरकर अपने घर को चल दिए।? इस हादसे में टैंकर चालक घायल हो गया जिसे इलाज के लिए जगदीशपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार टैंकर सुल्तानपुर से लखनऊ की तरफ जा रहा था जो कमरौली थाना क्षेत्र के वाराणसी लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित कठौरा के पास अनियंत्रित होकर पलट गया



टैंकर रिफाइंड आयल से भरा था वहीं टैंकर पलटते ही ग्रामीणों में तेल लूटने की होड़ मच गई और बड़ी संख्या में डिब्बे और बाल्टी के साथ ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तेल को भरने लगे।हादसे में टैंकर चालक गजराज पुत्र राम मिलन निवासी बहादुरपुर हैदरगढ़ जिला बाराबंकी गंभीर रूप से घायल हो गए जिसे इलाज के किये जगदीशपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

प्रभारी निरीक्षक थाना कमरौली मुकेश कुमार ने बताया कि घायल ड्राइवर गजराज को इलाज के लिए सीएचसी जगदीशपुर में भर्ती कराया गया है। कुछ ग्रामीण तेल को बर्तनों में भरने लगे थे जिन्हें मौके से हटा दिया गया है यातायात सामान्य रूप से चल रहा है।

# हनुमान जी सब देवों पर भारी, भक्ति संगीत के साथ हुए सैकड़ों भंडारे

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

अमेठी। ज्येष्ठ मास के चौथे मंगलवार को जिले में सैकड़ों स्थान पर श्री हनुमान भंडारे और प्रसाद वितरण के कार्यक्रम आयोजित किए गए। ओवर ब्रिज के पास सगुन मोटर्स की ओर से सुबह से शाम तक प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाजसेवी गुड्डा देवी और विधायक प्रतिनिधि अरुण प्रजापति ने श्री हनुमान जी की पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण की शुरूआत की। गुड्डी देवी ने कहा कि नर सेवा, नारायण सेवा की भावना से उन्होंने भंडारे का



आयोजन किया है।? समाजसेवी केवला देवी के साथ जय किसन, एडवोकेट प्रमोद कुमार, ललित यादव, अयोध्या, राकेश,अमन, चंद्र भूषण तिवारी उर्फ बबलू तिवारी, दीपक आर्य,राजू, शिवानी, गुड्डा देवी,ओम प्रकाश आदि ने भंडारे में अपनी सेवाएं दीं। बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के पास दुकानदारों ने संयुक्त रूप से भंडारे का आयोजन कर-के छोला चावल और नुक्ती का वितरण किया।सोनू कसौंधन, अज्जू कसौंधन,राजू घई,प्रिंस कसौंधन आदि मौजूद रहे। नगर पंचायत कार्यालय के सामने भी दुकानदारों ने भंडारे का आयोजन किया गया। गौरीगंज, मुसाफिर खाना, जगदीशपुर, मोहनगंज, मुंशीगंज, रामगंज,वारिसगंज, जामों, शाहगढ़, टीकरमाफी, बाजार सुकुल, संग्रामपुर, अयोध्या नगर में भी भंडारे का आयोजन किया गया।

## भिंडारे में शामिल हुए पिंटू सिंह, प्रसाद वितरण किया ।

अमेठी। भाजपा नेता और पूर्व प्रमुख अमरेन्द्र सिंह पिंटू कई भंडारे में शामिल हुए और प्रसाद वितरण किया। उन्होंने कहा कि हनुमान जी,सनातन धर्म के साथ अन्य धर्मों के लोगों के लिए भी आराध्य देवता हैं। भगवान श्री राम का आशीर्वाद उन्हें प्राप्त है। मंगलवार को मुसलमान भी प्रसाद वितरण कर रहे हैं। कलियुग के सबसे बड़े देवता हनुमान जी हैं

## कलियुग में सब देवों पर भारी हैं पवन सुत हनुमान

अमेठी। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान जी पूजा, अर्चना और गुणगान के मामले में हनुमान जी, हिन्दू धर्म के अन्य देवी देवताओं पर भारी हैं। धर्मार्थ कार्यों के साथ भारतीय राजनीति की सुर्खियों में रहने वाले पराक्रमी देव एक मात्र हनुमान जी हैं। हनुमान आरती और हनुमान चालीसा के पाठ प्रतिदिन हो रहें हैं। गांवों में सबसे अधिक मंदिर हनुमान जी के बनवाए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अमरोहा के खेत में मिला तेंदुए का शवःगर्दन पर गहरा जख्म, शव से आ रही थी तेज बदबू, वन विभाग ने पोस्टमार्टम को भेजा



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
मंडी धनौरा तहसील के गांव देहरा चक में किसान सोबिंदर के खेत में एक तेंदुए का शव मिला है। तेंदुए की गर्दन पर गहरा जख्म था और शव से तीव्र दुर्गंध आ रही थी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि तेंदुए की मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही स्पष्ट हो पाएगा। वन विभाग ने क्षेत्र के निवासियों से सतर्क रहने की अपील की है। अधिकारियों ने कहा कि यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे तो इसकी सूचना तुरंत वन विभाग को दी जाए।

### गंगा-एक्सप्रेसवे के मजदूरों को 4 महीने से नहीं मिला वेतनःहसनपुर में कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, जिलाधिकारी से शिकायत की चेतावनी



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
अमरोहा के हसनपुर में गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को पिछले चार महीने से वेतन नहीं मिला है। मंगलवार को मजदूरों ने इसको लेकर प्रदर्शन किया।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव मंगरोला में एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य चल रहा है। हथिया खेड़ा के निवासी किशोर ने बताया कि वह और दर्जनों अन्य मजदूर यहां काम कर रहे हैं। चार महीने से मजदूरी न मिलने से उनके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है।

मजदूरों का कहना है कि उन्हें काम से भी निकाल दिया गया है। जब मंगलवार को ठेकेदार से मजदूरी के बारे में बात की गई तो उन्होंने टालमटोल की। इससे नाराज होकर मजदूरों ने प्रदर्शन किया और अपनी मजदूरी की मांग की।

मजदूरों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही उनकी मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया तो वे जिलाधिकारी से शिकायत करेंगे। प्रदर्शन में चंदकिशोर, गोविंदा, धर्मेंद्र, किशोर, अमित, लालसिंह, अनिल, विजय, बबलू, संजय, रामपाल समेत कई मजदूर शामिल थे।

### चेयरमैन प्रतिनिधि ने ईदगाह की साफ सफाई के लिए क्या निर्देशित।



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**
रामपुर शाहबाद।मंगलवार को चेयरमैन प्रतिनिधि स्वच्छता प्रेरक वसीम खा द्वारा आगामी ईद-उल-अजहा के त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए ईदगाह की सफाई का निरीक्षण किया गया उनके द्वारा सफाई नायकों को कड़े निर्देश दिए गए कि समस्त ईदगाह की सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया जाए तथा ईदगाह के आसपास आने वाले रास्तों पर भी सफाई कर दी जाए इसके अलावा वहां पर टैंकर आदि रखवा दिए जाएं ताकि ईदगाह आने वाले नमाजीयो को किसी प्रकार की पानी की असुविधा का सामना न करना पड़े इस अवसर पर इमाम जामा मस्जिद मुफ्ती सलमान साहब नसीहत अली एवं समस्त सफाई नायक उपस्थित रहे ।

### पूर्वी फतेहगंज थाना परिसर में सुंदरकांड एवं भंडारे का आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**
बरेली फतेहगंज पूर्वी ।थाना फतेहगंज पूर्वी में बड़े मंगल पर किया गया सुंदरकांड एवं भंडारे का आयोजन थाना फतेहगंज पूर्वी के परिसर में स्थित मंदिर पर बड़े मंगल के उपलक्ष में समस्त पुलिस कर्मियों द्वारा हनुमान जी के सुंदर कांड का आयोजन किया गया ।थाना प्रभारी संतोष कुमार के साथ समस्त स्टाफ ने भक्ति भाव से हनुमान जी की महिमा का गुणगान किया गया। नगर के बुद्धिमान ब्राह्मण उमेश चंद्र शास्त्री द्वारा सुंदरकांड का संचालन किया गया दोपहर के बाद सुंदरकांड समाप्ति के उपरांत भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें समस्त नगर के लोगों के अलावा देहात क्षेत्र से आए हुए काफी नागरिकों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया आए हुए सभी भक्तों का थाना प्रभारी एवं समस्त पुलिस स्टाफ ने आभार व्यक्त किया इस अवसर पर थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह संदीप सिंह तोमर कस्बा इंचार्ज धर्मेंद्र शर्मा आकाश जितिन सक्सेना समेत समस्त स्टाफ और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय चालक भर्ती मेला का आरंभ, मंगलवार और बुधवार को होगी बंपर भर्ती

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
मुरादाबाद। दो दिवसीय चालक भर्ती मेला शुरू हो गया है। यह मेला मंगलवार और बुधवार को चलेगा। इसमें बड़ी संख्या में आवेदक भाग लेंगे। इस भर्ती का मकसद योग्य और मेहनती चालकों की भर्ती करना है। उम्मीदवारों को अपने दस्तावेज साथ लाने होंगे। यह मौका उन लोगों के लिए अच्छा है जो नई नौकरी की तलाश में हैं। भर्ती प्रक्रिया आसान और तेज होगी। सभी इच्छुक उम्मीदवार जल्द ही अपने दस्तावेज लेकर आएं।

300 पदों संविदा के माध्यम से चालकों की भर्ती निकाली गई रोडवेज निगम की ओर से रोजगार मेला भर्ती के रोडवेज परिक्षेत्र मुरादाबाद के प्रयास निरंतर दो बार से विफल हो रहा है। रोडवेज में चालकों की भारी कमी के चलते रोडवेज ने फिर से मंगलवार से दो दिवसीय भर्ती मेले का आयोजन किया है। क्षेत्रीय प्रबंधक ममता सिंह ने बताया कि रोडवेज में लगभग 450 चालकों की कमी है। लेकिन अभी 300 पदों संविदा के माध्यम से चालकों की भर्ती निकाली गई। इसके लिए दो बार तीन दिन भर्ती के लिए शिविर लगाया गया था। इस क्रम मंगलवार और बुधवार को भी दिवसीय भर्ती मेले का आयोजन किया गया है। इस बार रोडवेज निगम में भर्ती मेले के लिए सभी संबंधित डिपो क्षेत्र में चालक भर्ती का प्रचार-प्रसार होर्डिंग के माध्यम से किया गया है। सुबह नौ बजे से आरएम कार्यालय परिसर में चालक भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# आरटीओ ने 130 वाहनों का रजिस्ट्रेशन किया रद्द

**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**
बरेली। आरटीओ ने 130 दोपहिया वाहनों के पंजीकरण को रद्द किया है। यह कार्रवाई लगातार हो रहे चालान के बाद भी निर्धारित शमन शुल्क जमा न करने पर की गई है। इन वाहन स्वामियों के खिलाफ 20 से लेकर 60 चालान कटने की कार्रवाई तक की गई है।



एआरटीओ प्रशासन मनोज कुमार की ओर से बताया गया कि कई दो पहिया वाहन ऐसे हैं, जिनके कई बार चालान किए गए हैं। इसके बाद भी वाहन स्वामियों ने निर्धारित शमन शुल्क जमा कराकर उनका निस्तारण नहीं किया है। विभाग ने सड़क सुरक्षा नियमों की अवहेलना से सार्वजनिक मार्ग पर उनके नियम विरुद्ध वाहन संचालन से जनता के लिए खतरा उत्पन्न होना माना है, जिससे सड़क दुर्घटना होने की भी संभावना रहती है। यह कार्रवाई मोटरयान अधिनियम 1988 के तहत की गई है, सभी वाहनों का रजिस्ट्रेशन तीन माह के लिए निलंबित किया है।

# पूर्वी फतेहगंज थाना परिसर में सुंदरकांड एवं भंडारे का आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**
बरेली फतेहगंज पूर्वी ।थाना फतेहगंज पूर्वी में बड़े मंगल पर किया गया सुंदरकांड एवं भंडारे का आयोजन थाना फतेहगंज पूर्वी के परिसर में स्थित मंदिर पर बड़े मंगल के उपलक्ष में समस्त पुलिस कर्मियों द्वारा हनुमान जी के सुंदर कांड का आयोजन किया गया ।थाना प्रभारी संतोष कुमार के साथ समस्त स्टाफ ने भक्ति भाव से हनुमान जी की महिमा का गुणगान किया गया। नगर के बुद्धिमान ब्राह्मण उमेश चंद्र शास्त्री द्वारा सुंदरकांड का संचालन किया गया दोपहर के बाद सुंदरकांड समाप्ति के उपरांत भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें समस्त नगर के लोगों के अलावा देहात क्षेत्र से आए हुए काफी नागरिकों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया आए हुए सभी भक्तों का थाना प्रभारी एवं समस्त पुलिस स्टाफ ने आभार व्यक्त किया इस अवसर पर थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह संदीप सिंह तोमर कस्बा इंचार्ज धर्मेंद्र शर्मा आकाश जितिन सक्सेना समेत समस्त स्टाफ और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पांच हजार रुपए कर्ज के बदले महिला की जमीन हड़पने की साजिश,सीओ के आदेश पर रिपोर्ट

**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**
बरेली। सुभाषनगर क्षेत्र में सूदखोरों की हैवानियत और दबंगई का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां महज 5000 रुपये के कर्ज पर एक बुजुर्ग महिला की पूरी जमीन हड़पने की साजिश रची गई। मामला इतना गंभीर है कि पुलिस ने सीओ के आदेश के बाद एफआईआर दर्ज की है। पीड़िता पुष्पा देवी (निवासी बेनीपुर चौधरी) ने बताया कि उसने 28 मार्च को गजेंद्र गोस्वामी नामक सूदखोर से 10% ब्याज पर 5000 रुपये लिए थे। गजेंद्र ने रसीद की जगह सादे कागज पर अंगूठा लगवा लिया। एक माह बाद जब महिला पैसा लौटाने पहुंची, तो गजेंद्र ने जमीन के कागज लहराकर धमकी दी–ह्वया तो 5.50 लाख दे या जमीन छोड़ दो। जब बुजुर्ग महिला ने विरोध किया तो 1 मई की रात आरोपी गजेंद्र, धर्मेंद्र और ममता ने घर में घुसकर मारपीट की, बहू को घसीटा और अभद्रता की। महिला का बेटा राहुल बीच-बचाव को आया तो उसे भी पीटा गया।




पुलिस ने शुरूआत में मामला दबाने की कोशिश की। पीड़िता ने जब जिलाधिकारी और एसएसपी से गुहार लगाई, तब जाकर सीओ सेकेंड के हस्तक्षेप से सुभाषनगर थाने में एफआईआर दर्ज हो सकी।

# टाउन हॉल पर चला नगर निगम का बुलडोजर, अतिक्रमण पर बड़ी कार्रवाई

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो ,**
मुरादाबाद। नगर निगम ने मंगलवार को टाउन हॉल क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। निगम की टीम ने भारी पुलिस बल के साथ इलाके में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। इस दौरान अस्थायी खोखे, ठेले, दुकानों के बाहर का सामान और पक्के निर्माण ध्वस्त किए गए।

**आम नागरिकों ने निगम की इस कार्रवाई की सराहना की**

कार्रवाई के दौरान कई दुकानदारों और पटरी व्यापारियों ने विरोध जताया और मौके पर हंगामा करने लगे। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने मोर्चा संभाला और किसी भी अप्रिय



स्थिति को टालते हुए कार्रवाई को शांतिपूर्ण ढंग से अंजाम दिया। टाउन हॉल क्षेत्र में चलाए गए इस अभियान के चलते यातायात व्यवस्था में भी काफी सुधार देखने को मिला। पैदल राहगीरों और आम नागरिकों ने निगम की इस कार्रवाई की सराहना की और उम्मीद जताई कि शहर को अतिक्रमण मुक्त करने की दिशा में ऐसे कदम नियमित रूप से उठाए जाएंगे।

गौरतलब है कि मुरादाबाद को स्मार्ट सिटी की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है और इसके लिए नगर निगम द्वारा जगह-जगह अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है।

# अकीदत ब प्यार मोहब्बत से मनाए ईद उल अजहा का त्यौहार , हर्षिता सिंह सीओ

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**
रामपुर शाहबाद।थाना क्षेत्र के ग्राम चकरपुर कदीम में क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में शांति समिति की एक बैठक रखी गई जिसमें क्षेत्राधिकरी हर्षिता सिंह ने कहा सभी लोगों को आपस में प्यार मोहब्बत से ईद उल अजहा का त्योहार मनाना है कोई नया काम नहीं करना है इधर-उधर कोई गंदगी नहीं फैलानी है जो भी लोग नया काम करेंगे उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई कराई जाएगी बैठक में मौजूद थाना प्रभारी पंकज पंत ने कहां कुबार्नी के जो जानवर है जैसे बकरा भैंस इस जानवर की कुबार्नी करी जाएगी और प्रतिबंधित पशु



की कुबार्नी कोई भी नहीं करें और नालियों में खून बगैरा न बहाया जाए उसका विशेष ध्यान रखना है किसी की भावनाओं को ठेस ना पहुंचे अपना त्यौहार अच्छे से मनाए कोई भी त्यौहार में रंग में भंग करेगा उसके खिलाफ कार्रवाई करी जाएगी। बैठक में मुस्लिम समाज के लोग इकट्ठा हुए । जलीश, फरीद मालिक, लियाकत धोबी,सलीम मुंशी ,गुलाम रसूल , नियामत रसूल, , नौसे मास्टर,इद्रीस अहमद,भूरा सलमानी, निसार अहमद, शफीक आदि लोग मौजूद रहे।

# निधि घोटाला प्रकरण गिरफ्तारी के डर से भाजपा नेता समेत सभी आरोपी फरार

**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**
बरेली। अमर ज्योति यूनिवर्स निधि घोटाले में बदायूं में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद निदेशक भूमिगत हो गए हैं। खुद को पाक-साफ बता रहे भाजपा नेता सूर्यकांत मौर्य ने नए दफ्तर से भी सामान समेट लिया है। घोटाला करीब आठ सौ करोड़ रुपये का बताया जा रहा है। इस फजीर्वाड़े में कई साल मलाई काटने के बाद सूर्यकांत ने बदायूं की कंपनी से निदेशक का पद छोड़ दिया था। कंपनी के निदेशक शशिकांत मौर्य, उसके भाई सूर्यकांत, मैनेजर अमित सिंह, एजेंट सुनील बाबू मौर्य और अन्य के खिलाफ बदायूं कोतवाली में निवेशक असद अहमद की ओर से बीते दिनों रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। निदेशकों समेत ज्यादातर आरोपी बरेली के निवासी हैं, जबकि सूर्यकांत भाजपा की बरेली महानगर इकाई का मंत्री है। सूर्यकांत मौर्य भाजपा में महानगर मंत्री है। इसलिए उससे उपकृत होने वाले नेता और पदाधिकारी अब तक उसे बचाने के लिए पैरवी कर रहे थे। अब उसके खिलाफ रिपोर्ट होने और हेरफेर की बात सामने आने पर नेताओं ने किनारा कर लिया है। ऐसे में अब दोनों भाइयों और उनके गुर्गों पर गिरफ्तारी की तलवार लटक गई है। मुकदमे में नामजद होने के बाद पार्टी नेतृत्व भी सूर्यकांत को बाहर का रास्ता दिखा सकता है। वहीं, एसआईटी भी दोनों भाईयों की संपत्तियों पर नजर रखे हुए हैं। अभी तक शशिकांत अपने परिवार समेत लापता था, अब सूर्यकांत भी गिरफ्तारी के डर से खिसक गया है। पहले सूर्यकांत अपनी कंपनी का दफ्तर घर में ही चलाता था। करीब पंद्रह दिन पहले उसने पीलीभीत बाइपास पर खूबचंद्र मौर्य की दुकान में तीसरी मंजिल पर दफ्तर खोला था। कंपनी का फर्नीचर, कंप्यूटर व कुछ रिकॉर्ड यहां लाकर रखा और कंपनी का नाम भी पेंट कराया। खूबचंद्र ने बताया कि दस हजार रुपये महीना किराया तय हुआ था। दस दिन में ही सूर्यकांत ने दफ्तर को खाली कर दिया और कंपनी व अपने नाम को पुतवा दिया। इसी तरह का कारनामा उसने अपने घर के बाहर लगे बोर्ड पर किया था। हालांकि, यहां एक साइड का बोर्ड ही पोता जा सका, तब तक भीड़ ने पेंटर को भगा दिया।

# कार्यकताओं ने धूमधाम से मनाया भाजपा महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला का जन्मदिन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
मुरादाबाद। भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला के जन्मदिन के शुभ अवसर पर महानगर कार्यालय बुद्धि विहार में जन्मदिन को लेकर भव्य आयोजन किया गया उनका जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया महानगर की टीम एवं सभी दस मंडलों के मंडल अध्यक्ष अपनी टीम के साथ शामिल हुए एवं सभी ने मिलकर महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला को पुष्प गुच्छ भेटकर एवं उनसे केक काटवा कर व मिठाई बांटकर शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की एवं उनके उज्ज्वल भविष्य व लंबी उम्र की कामना की।

महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला के जन्मदिवस कार्यक्रम में महानगर महामंत्री नत्थूराम कश्यप, महानगर उपाध्यक्ष विशाल त्यागी,दिनेश सिसोदिया, राजेश रस्तौगी क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी निमित जयसवाल, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, महानगर मंत्री शम्मी भटनागर, अजय



वर्मा, गेत्रपाल सिंह, सुनीता शर्मा, शशी किरण, धर्मेश सैनी, अभिषेक चौबे, संजीव चौहान, अश्वनी शर्मा, सुरेंद्र विश्नोई, पुनीत गुप्ता, अर्चित गुप्ता, आलोक सैनी, विजय लक्ष्मी पंडित, विनीता मल्होत्रा, शीतल चौहान, ज्योति बंसल, के पी सैनी, दीक्षांत चौधरी,मंडल अध्यक्ष विपिन प्रजापति, सूर्य मोहन शमशेरी, विशाल रस्तौगी, कपिल गुप्ता, सोमपाल सिंह, विजयपाल सिंह, राजीव शर्मा, गजेंद्र लोदी, अनूप महरोत्रा, मयंक कश्यप, अनुज शर्मा, दिनेश शुक्ला, अरविंद सिंह, हरीश प्रजापति, नीरज कुमार, भरत टंडन, पार्षद राजेश गुप्ता, दिनेश गोला, विनय राजोरिया, योगेंद्र रस्तौगी, प्रेम प्रजापति, तुषार कुमार, सौरभ सक्सैना, बंटी सैनी, सुमित कुमार, आकाश भारद्वाज, पुनीत रस्तोगी सुमित अग्रवाल, अंकित रस्तोगी, कुलदीप गुप्ता, महेश दिवाकर, राजेश कमल, पुष्पेंद्र श्रीमाली, विनायक गर्ग, दीपू छाबड़ा, आकाश शर्मा, मुकेश यादव, प्रेमपाल सिंह, चंद्र प्रजापति, भोगराज सिंह, संदीप शर्मा, निशु कश्यप, सतपाल राणा, शुभम बंसल, हिमांशु अग्रवाल, निशांत रस्तोगी, अंकित कुमार, मोहित कुमार, आदि महानगर, युवा मोर्चा महिला मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण कार्यकर्तागण पार्षदगण शामिल रहे।

# जिलाधिकारी ने तालाबों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण पर दिया जोर

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**



जालौन। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा नगर पंचायत कदौरा के कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत बन रहे सदर तालाब के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और अन्य जल स्रोतों की स्थिति का भी स्थलीय निरीक्षण किया। नाला सफाई कार्य पर असंतोष जताते हुए सफाई कार्य को वर्षात से पूर्व निर्धारित अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। नगर में वार्डों में नालियो की सफाई कार्य को अनुश्रवण किए जाने पर बल दिया। उपजिलाधिकारी और अधिशासी अधिकारी को नगर सफाई कार्य योजना के अनुसार करने के निर्देश दिए गए। नगर भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने धोबीपुर, बम्होरी, खेड़ापति और मंशामता तालाब सहित नगर क्षेत्र के कुल 13 तालाबों के संरक्षण और विकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। थानाध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कदौरा को स्पष्ट रूप से निर्देशित कर कहा कि नगर स्थित जलाशयों को प्रदूषित करने वाले कारकों और व्यक्तियों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करें ताकि जल निर्मल रहे। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि जलाशयों की महत्ता को देखते हुए इनकी साफ-सफाई, गहरीकरण, सौंदर्यीकरण और नियमित रखरखाव को प्राथमिकता दी जाए। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम की शुरूवात सरोवर के किनारे वृक्षारोपण कर किराया जाए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि तालाबों के पाथवे (मार्ग) पर सजावटी एवं छायादार पौधे लगाए जाएं, जिससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को बल मिले, बल्कि तालाब परिसर का सौंदर्य भी बढ़े। उन्होंने यह भी कहा कि पौधरोपण से आने वाले समय में क्षेत्र में हरियाली बढ़ेगी और लोगों को शुद्ध वायु भी मिलेगी। उन्होंने तालाबों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, जलभराव की स्थिति बनाए रखने और स्थानीय लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि ह्वर्षा जल के संचयन और जल संकट से निपटने के लिए तालाबों का संरक्षण बेहद आवश्यक है। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें ताकि इन प्राकृतिक जल स्रोतों को जीवंत और उपयोगी बनाया जा सके ह्व इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अर्चना शिवहरे ,उप जिलाधिकारी शुशील सिंह, सीओ अबधेश सिंह, अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील, सीएनडीएस से प्रोजेक्ट मैनेजर

# आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रति जागरूकता हेतु साइकिल रैली।

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।



झांसी । ह्यएक पृथ्वी, एक स्वास्थ्यह्ल के संदेश के साथ युवाओं को दिया गया प्रकृति, योग और जीवनशैली के प्रति जागरूकता का संदेश देने हेतु आगामी 21जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर छात्रों एवं नागरिकों के मध्य योग, स्वास्थ्य और पर्यावरणीय चेतना को जाग्रत करने के उद्देश्य बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झाँसी ने एक प्रेरणादायक साइकिल रैली का आयोजन किया। आयोजन का मुख्य विषय था श्योगः एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य झ शरीर, मन और ग्रह का समन्वय। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश की राज्यपाल? आनंदीबेन पटेल के प्रेरणादायी मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिनकी योग के प्रति प्रतिबद्धता और सामाजिक चेतना के लिए सक्रिय भूमिका सदैव प्रेरणास्रोत रही है। रैली की शुरूआत प्रातः 7:30 बजे विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से हुई, जो की मुकेश पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया और प्रतिभागियों को गुलाब पुष्प देकर उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अनेक पदाधिकारी, संकाय सदस्य और कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रमुख रूप सेः प्रो. आर. के. सैनी, डॉ. राजीव बबेले, डॉ. के. सोनकर, डॉ. यज्ञपाल, डॉ. विनोद बौद्ध, हेमन्त चंद्रा, अंजुल यादव, ईश्वर दत्त शर्मा, चंद्रभान प्रजापति, अंडर ऑफिसर अंकित यादव मोहम्मद एल्म, जितेन्द्र कुमार, शशांक, चंद्र प्रकाश, अंकित यादव, अभिषेक, निखिल, पीयूष, अभिषेक कुमार और गौरी शंकर सहित कई अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित रहे।

# बीयर की दुकान में सेल्समेन से अभद्रता व मारपीट,एफआईआर दर्ज

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**




ललितपुर। महरौनी के ग्राम सिंदवाहा निवासी अभिषेक अग्रवाल पुत्र जुगलकिशोर ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह सिंदवाहा में देशी शराब व बीयर की कम्पोजिट ठेका है। दुकान पर उसका सेल्समेन गांव का प्रीतम कुमार पुत्र जगदीश रजक सेल्समेनी कर रहा था। बीते रविवार एक जून को रात करीब 9.20 बजे गांव में रहने वाला अंजनी प्रसाद नायक उर्फ अन्जू नायक पुत्र दयाराम नायक व राहुल नायक उर्फ रानू पुत्र सुरेश नायक अपने अन्य साथियों के साथ एकराय होकर आया और सेल्समेन प्रीतम से बीयर ली और पी गये। बीयर का रुपया मांगने पर उक्त लोगों ने सेल्समेन को जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये अपमानित किया और गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि विरोध करने पर उक्त लोगों ने सेल्समेन को लाठी-डण्डा व चाकू से मारपीट कर दी, जिससे प्रीतम के शरीर में काफी चोटें आयी। यह भी आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके घर की तोडाफोड़ करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

# ट्रेन में से महिला का पर्स चोरी

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

ललितपुर। मध्य प्रदेश के जिला दतिया अंतर्गत अमन कालोनी निवासी मजीद खां पुत्र नसीर ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 14 मई को वह भोपाल से दतिया के लिए श्रीधाम एक्सप्रेस की कोच सं. एस-1 की सीट संख्या 4 व 5 पर अपनी पत्नी के साथ यात्रा कर रहा था। बताया कि यात्रा के दौरान ललितपुर रेलवे स्टेशन पर उसकी पत्नी का लेडीज पर्स चोरी हो गया। काफी खोजबीन करने पर भी पर्स नहीं मिला। पत्नी के पर्स में एक मोबाइल फोन, चांदी की दो अंगूठी व एक सोने की अंगूठी एक जोड़ी पायल कुल कीमत 55 हजार रुपये का सामान चोरी हो गया। जीआरपी पुलिस ने मजीद खां की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट, केस दर्ज।



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

ललितपुर। शहर के मोहल्ला चौकाबाग रावतयाना निवासी सौरभ पटेल पुत्र रामकिशन ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बती 27 मई की रात करीब 9 बजे उसके पड़ौस में रहने वाले रामनन्दन उर्फ सोनू व बृजनन्दन उर्फ मोनू पुत्रगण धर्मदास सेन, पाली पिपरिया निवासी रवि पुत्र बनमाली, जरावली निवासी मानवेन्द्र सिंह, गढ़ौली निवासी रूपेश पटेल, कलरव निवासी अरविन्द राजा, निवासी राजीव पटेल पुत्र नत्थू ने अपने अज्ञात साथियों के साथ एकराय होकर उसके घर में घुसकर उस पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोट आयी है। बताया कि बीच-बचाव करने आये माता-पिता के साथ भी उक्त लोगों ने मारपीट कर दी, जिससे वह भी घायल हो गये और जान से मारने की धमकी देते हुये उक्त लोग भाग गये। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है

# रिक्शा चालक के साथ मारपीट,मामला दर्ज

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।



ललितपुर। मोहल्ला तालाबपुरा निवासी इमरान खान पुत्र मकबूल खान ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसका भाई फिरोज खान ऑटो रिक्सा चला रहा था। एक जून को रात करीब 8 बजे शनिचर चौराहा पर पीछे से 2 लोग मोटर साइकिल साइड के लिए हॉर्न बजा रहे थे। साइड न मिलने पर उक्त दोनों ने गुस्से में आकर के उसके भाई रिक्सा के आगे गाड़ी लगाकर रामराजा मंदिर के पास गुजराती नमकीन वाले क पास फल वाले की किरेट उठाकर से मारपीट कर दी, जिससे उसके सिर-गर्दन व हाथ-पैरों में चोट आयी है। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी और भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# मंत्री के कार्यालय तक पहुंचा कटरा रेल फाटक का मामला



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मथुरा। राया में रेल प्रशासन द्वारा कटरा फाटक को बंद करने की योजना के बाद से कस्बे के व्यापारियों में खलबली मची हुई है। व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल रेल मंत्री से मुलाकात करने दिल्ली पहुंचा। उनके नहीं मिलने पर मंत्री के सचिव को फाटक बंद होने से होने वाली परेशानियों से अवगत कराया। चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि रेल मंत्री से मिलने का समय लिया गया था, लेकिन वह अचानक किसी कार्यक्रम में चले गए। उनके सचिव वेदप्रकाश और डीआईजी रेलवे शशि कुमार से मुलाकात कर कटरा फाटक के बंद होने से आने वाली दिक्कतों से अवगत कराया। पूर्व चेयरमैन राकेश शर्मा, भूपेश अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, नरेश भट्ट आदि साथ रहे।

# जिलाधिकारी ने किया कान्हा गौशाला का निरीक्षण, गौवंशों को गुड़-चना खिलाकर दिया गौसेवा का संदेश

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो



जालौन। जनपद के डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने नगर पंचायत कदौरा स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला की व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया और सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने खुद अपने हाथों से गौवंशों को गुड़ और चना खिलाया, जिससे गौसेवा के प्रति उनका सरोकार स्पष्ट रूप से नजर आया। उन्होंने कहा कि गोवंशों की देखरेख हेतु प्रशासन इसके लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। जिलाधिकारी ने साफ-सफाई, चारे-पानी की उपलब्धता और पशुओं के स्वास्थ्य की स्थिति की भी बारीकी से जायजा लिया। नगर पंचायत कदौरा के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि गौशाला की नियमित निगरानी सुनिश्चित करें और गोवंशों की देखभाल में कोई कमी न हो। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अर्चना शिवहरे, उप जिलाधिकारी शुशील सिंह, सीओ अबधेश सिंह, अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील, संबंधित अधिकारी, नगर पंचायत प्रतिनिधि और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# वृंदावन का प्रेम मंदिर हुआ बंद, भक्तों को नहीं हो सकेंगे ठाकुरजी के दर्शन




**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मथुरा के वृंदावन में ठाकुरजी की विशिष्ट अंतरंग सेवाओं की वजह से मंगलवार सुबह से बुधवार शाम तक प्रेम मंदिर बंद रहेगा। मंदिर प्रबंधन ने श्रद्धालुओं की असुविधाओं के लिए खेद जताया है। मंदिर प्रबंधन ने कहा है कि मंगलवार से बुधवार के प्रातः कालीन सत्र तक ठाकुरजी को विशिष्ट सेवाएं दी जाएंगी। इसलिए उनके सार्वजनिक दर्शन नहीं होंगे। प्रेम मंदिर का मुख्य द्वार बंद रहेगा। इसके बाद बुधवार शाम को 4:30 बजे से सार्वजनिक दर्शन के लिए मंदिर का मुख्य द्वार खोला जाएगा।

# सीआरपीएफ के एडीजी और आईजी ने परखी जन्मस्थान की सुरक्षा व्यवस्था

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मस्थान की सुरक्षा व्यवस्था को परखने के लिए सीआरपीएफ के एडीजी और आईजी जन्मस्थान पहुंचे। यहां उन्होंने रेड जोन में तैनात सीआरपीएफ की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर जवानों से फीडबैक लिया। साथ ही सभागार में बैठक कर अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए। सीआरपीएफ के एडीजी वितुल कुमार, आईजी मनोज ध्यानी, एसएसपी श्लोक कुमार के साथ श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंचे। एसएसपी ने उन्हें उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी दी। श्रीकृष्ण जन्मभूमि के रेड जोन में तैनात सीआरपीएफ जवानों से सुरक्षा संबंधी फीडबैक लिया और उनकी समस्याएं जानीं। मंदिर परिसर एवं उसके आसपास की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद श्रीकृष्ण जन्मस्थान संस्थान के सभागार में गोष्ठी हुई। इसमें एसपी सुरक्षा राजकुमार अग्रवाल ने जन्मभूमि की सुरक्षा व्यवस्था का प्रेजेंटेशन दिया। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था में लगे सुरक्षाकर्मियों के कार्य की सराहना की और सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए। एसपी सुरक्षा ने बताया कि सीआरपीएफ एडीजी और आईजी ने सीआरपीएफ, सिविल पुलिस और पीएसी जवानों में आपसी सामंजस्य बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

# गोवर्धन में परशुराम के जयकारों से गूंजी गिरिराज तलहटी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



मथुरा। गोवर्धन में गिरिराज महाराज की नगरी में भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निकली गई। रविवार शाम दसविसा स्थित दानबिहारी के बाड़े से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। दर्जनों झांकियों व बैंडबाजों के साथ निकली शोभायात्रा के दौरान परशुरामजी के जयकारे गूंजते रहे। शुभारंभ हनुमान बाग के मंहत सियाराम दास महाराज, संत देवकीनंदन दास, फरसा वाले बाबा, विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह ने परशुरामजी के छवि चित्र की आरती उतारकर किया। पूर्व ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा व विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह ने भगवान परशुरामजी का मंदिर और मूर्ति की स्थापना के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। पग-पग पर शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। विप्र हाथों में फरसा लेकर चल रहे थे। अध्यक्षता पूर्व चेयरमैन रामभरोसी पाठक व संचालन नृत्यगोपाल दुबे ने किया। पूर्व विधायक ठाकुर करिंदा सिंह, पन्ना लाल गौतम, मधु शर्मा, राजकुमार शर्मा, सोहन लाल शर्मा, अंशु कौशिक, नृत्यगोपाल शर्मा, रामधन शर्मा, पंडित राजेश शर्मा, चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार आदि मौजूद रहे।

# महिला अस्पताल के शौचालयों में पड़े ताले, कहां जाएं महिला मरीज

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



मथुरा। महिला अस्पताल में आने वाली मरीजों को यहां बने शौचालयों में ताला लगा होने के कारण परेशानी हो रही है। खासकर गर्भवती महिलाओं को ज्यादा दिक्कत होती है, लेकिन विभागीय अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। महिला अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 500-600 के करीब महिला मरीज इलाज कराने के लिए पहुंचती हैं। वहीं वार्डों में भी यह भर्ती होती हैं, लेकिन मरीजों को यहां शौचालय की सुविधा नहीं मिल रही है। अस्पताल में बने दो महिला शौचालय में ताला लगा है। सिर्फ एक शौचालय खुला हुआ है। इसमें भी इंडियन सीट है। कोई और सुविधा न होने के कारण मजबूरन इसका उपयोग करना पड़ता है। इसमें भी बदबू और गंदगी इतनी है कि जाने का मन नहीं करता। शौच आदि के लिए मरीज और उनके तीमारदारों को बाहर सार्वजनिक शौचालयों में 10 रुपये खर्च करने पड़ते हैं। महिला अस्पताल के सीएमएस अनिल कुमार पुरवानी का कहना है कि शौचालयों में काम कराया जा रहा है। इसलिए इनमें ताले पड़े हैं। तीन-चार दिन में काम पूरा होने के बाद इन्हें चालू कर दिया जाएगा। जिला अस्पताल में भी बने दिव्यांग शौचालय पर ताला लगा होने से दिव्यांगों को शौच के लिए परेशान होना पड़ता है। अस्पताल में कोई सुविधा नहीं है। जिला अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 1200 के लगभग मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इसमें 70 से 80 मरीज दिव्यांग होते हैं। दिव्यांगों के लिए यहां बने शौचालय में ताला लगा होने के कारण उन्हें परेशानी होती है। सीएमएस डॉ. नीरज अग्रवाल ने बताया कि दिव्यांग शौचालय का सभी उपयोग करने लग गए हैं इसलिए ताला लगा दिया है। अगर कोई दिव्यांग आता है तो ताला खोल दिया जाएगा।

# एसडीएम के व्यवहार से बिफरे हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता, धरना-प्रदर्शन

**-क्षेत्र में हो रही गोवंशों की दुर्दशा में सुधार की मांग को लेकर एसडीएम कैराना को ज्ञापन देने पहुंचे थे हिंदूवादी संगठन के दर्जनों कार्यकर्ता**



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कैराना। तहसील मुख्यालय पर पहुंचे हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता एसडीएम द्वारा संतुष्टिजनक जबाब न मिलने से आक्रोशित होकर धरने पर बैठ गए। हिंदूवादी संगठन के लोग क्षेत्र में हो रही गोवंशों की दुर्दशा में सुधार की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन-पत्र एसडीएम कैराना को देने पहुंचे थे। इस दौरान धरने पर बैठे कार्यकताओं ने तहसील मुख्यालय पर जमकर नारेबाजी की।

मंगलवार को संयुक्त विकास शोषित कल्याण संघ व हिंदुत्व सुरक्षा सेना के दर्जनों कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष वंश शर्मा उर्फ वीशू व अनमोल मित्तल के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित दो ज्ञापन-पत्र नवनियुक्त एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज को सौंपे। बताया जा रहा है कि हिंदूवादी संगठन के कार्यकताओं से ज्ञापन लेने के पश्चात एसडीएम कोई संतुष्टिजनक जवाब दिए बगैर वापिस अपने कार्यालय में चली गई। इससे ज्ञापन देने आए कार्यकताओं में आक्रोश फैल गया। वह क्षुब्ध होकर तहसील मुख्यालय पर स्थित एसडीएम कार्यालय के सामने ही धरने पर बैठ गए। हिंदूवादी संगठन के कार्यकताओं ने नारेबाजी शुरू कर दी। कार्यकर्ता जय श्रीराम, गौमाता राष्ट्रमाता के नारे लगा रहे थे। तहसील मुख्यालय पर नारेबाजी से अफसरों में हड़कंप मच गया। तहसीलदार अर्जुन चौहान ने नारेबाजी कर रहे कार्यकताओं के पास पहुंचकर उनसे बात करने का प्रयास किया। कार्यकताओं ने तहसीलदार के समक्ष एसडीएम के व्यवहार पर आक्रोश व्यक्त किया। बताया जा रहा है कि इसके बाद एसडीएम फिर से अपने कार्यालय से बाहर आई तथा धरने पर बैठे कार्यकताओं से मामले में संज्ञान लेकर कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया, जिस पर धरनारत कार्यकर्ता शांत हुए। धरने में शामिल कांग्रेस पार्टी के युवा प्रदेश महासचिव अश्वनी शर्मा सींगरा ने बताया कि एसडीएम के द्वारा ज्ञापन-पत्र प्राप्त करने के पश्चात गोवंशों की दुर्दशा में सुधार किए जाने के सम्बंध में कोई ठोस आश्वासन नही दिया गया, जिसके चलते कार्यकताओं को विवश होकर धरने पर बैठना पड़ा।

इस दौरान सागर, आर्यन, सचिन, इंतजार, सोनू, रविन, सुमित, राधेश्याम, मनीष, अनुज, अमन, रोहित, मोहित, श्रीओम आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं, एसडीएम कैराना का कहना है कि कुछ लोग ज्ञापन देने के लिए आये थे। उनसे ज्ञापन ले लिया गया है। वह कार्यवाही किये जाने के सम्बंध में समय निर्धारित किये जाने की मांग कर रहे थे। अभी ईद-उल-फितर व अन्य त्योहारों में थोड़ी व्यस्तता है। शीघ्र ही गोवंशों की समस्याओं के निस्तारण का कार्य किया जाएगा।

## भयंकर दुर्दशा के शिकार हो रहे है क्षेत्र के गोवंश

हिंदूवादी संगठन के कार्यकताओं ने एसडीएम कैराना को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित दो अलग-अलग ज्ञापन-पत्र सौंपे है। बताया कि कैराना क्षेत्र समेत जनपद शामली में गोवंशों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। गौशालाओं में गोवंशों की जीविका के लिए उचित संसाधनों की कमी है। गांव इस्सोपुर टील व अलीपुर की गोशालाओं में भ्रष्टाचार व्याप्त है। आरोप है कि हाल ही में इस्सोपुर टील की गौशाला ने भारी संख्या में गोवंशों के कंकाल मिले थे, जिनकी सही तरीके से जांच नही हो पाई है। गांव सींगरा व बीबीपुर हटिया की गौशालाओं को बंद कर दिया गया है। ग्राम पंचायत बीबीपुर हटिया में गौचराण कई करीब 185 बीघा भूमि पर भूमाफिया का अवैध कब्जा है, जिसे कब्जामुक्त कराना आवश्यक है। रात्रि के समय यदि कोई गोवंश दुर्घटना का शिकार हो जाता है तो उपचार के अभाव में वह मौत के मुंह में चला जाता है। ज्ञापन-पत्र में चोटिल गोवंशों के उपचार की समूची व्यवस्था, गौचराण की भूमि को कब्जामुक्त व इस्सोपुर टील गौशाला में मिले गोवंशों के कंकालों की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की गई

# बेहोश होकर गिरी एसडीएम कार्यालय पर फरियाद लेकर पहुंची महिला

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



कैराना। एसडीएम कार्यालय पर फरियाद लेकर पहुंची विधवा महिला अचानक बेहोश होकर गिर गई। पीड़ित महिला भयंकर आर्थिक तंगी का शिकार है। महिला ने भाई के शव का अंतिम संस्कार करने व दो दिनों से बच्चों को खाना न मिलने की बात कही है।

मंगलवार को कस्बे के मोहल्ला आलकलां निकट केनरा बैंक निवासी विधवा महिला रीता प्रार्थना-पत्र देने के लिए तहसील मुख्यालय पर स्थित उपजिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंची। बताया जा रहा है कि इसी दौरान महिला अचानक से बेहोश होकर गिर गई। महिला के अचानक बेहोश होकर गिरने से वहां मौजूद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। एसडीएम कार्यालय पर मौजूद सुरक्षाकर्मी व अन्य लोग आनन-फानन में महिला के पास पहुंचे तथा उसे पानी आदि पिलाया। महिला ने बताया कि उसके माता-पिता का देहांत हो चुका है। उसके पति की भी करीब 15 वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है। उसका भाई जयप्रकाश ड्राइविंग करता है, जिसकी हरियाणा के रोहतक में अचानक मौत हो गई है। भाई के शव के अंतिम संस्कार के प्रबंध तथा वहां पहुंचने के लिए उसके पास पैसे की व्यवस्था नही है।

पत्र में बताया कि उसके तीन नाबालिग बच्चे है। घर में कोई कमाने वाला नही है, जिसके चलते उन्हें भयंकर आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। घर में राशन का सामान नही है, जिस कारण उसके तीनों बच्चे दो दिन से भूखे है। पीड़िता ने उपजिलाधिकारी से दो हजार रुपये की आर्थिक सहायता कराए जाने की गुहार लगाई है।

# साइबर जांच के फेर में फंसा गरीब का खाता, एक साल से दर-दर भटक रहा मांगा

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**



चौसाना। क्षेत्र के गांव नाइनगला जाटान निवासी मांगा बीते एक साल से अपने ही बैंक खाते के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है। मांगा का कहना है कि उसने टोडा स्थित जाना बैंक में करीब दो साल पहले खाता खुलवाया था, जिसमें उसने मेहनत-मजदूरी कर 26 हजार रुपये जमा किए थे। लेकिन जब वह बैंक से पैसे निकालने पहुंचा, तो पता चला कि उसका खाता बंद कर दिया गया है।

मांगा जब बैंक मैनेजर से मिला, तो उसे बताया गया कि उसका खाता साइबर सेल द्वारा सीज कर दिया गया है। इसके बाद वह शामली साइबर थाने पहुंचा, जहां बताया गया कि महाराष्ट्र से किसी ने गलती से उसके खाते में 30 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए थे, जिसके चलते साइबर सेल ने खाते पर रोक लगा दी है।

मांगा का कहना कि उसने कोई गलती नहीं की, फिर उसका खाता क्यों बंद किया गया उसका कहना है, जिसने गलती से पैसे डाले हैं, वो अपने पैसे वापस ले ले, लेकिन मेरे 26 हजार तो मुझे मिल जाएं।मांगा का कहना है कि वह बेहद गरीब है और इन पैसों से ही अपने परिवार का गुजारा करता है। एक साल से खाते में पैसे फंसे होने की वजह से उसके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

मांगा ने जिला प्रशासन और बैंक अधिकारियों से गुहार लगाई है कि उसका खाता दोबारा चालू किया जाए और उसे उसके जमा पैसे वापस दिलवाए जाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### दबंग ने मारपीट कर युवक की बाइक को किया आग के हवाले

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी एक युवक ने गांव के एक दबंग पर तमंचा दिखाकर मारपीट करते हुए उसकी बाइक में आग लगाने का आरोप लगाते हुए आरोपी के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी शाहरुख ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि गत दिवस सोमवार की शाम को वह अपने पुत्र को बाइक पर बिठाकर गांव की ही परचून की दुकान से सामान लेने के लिए गया था जब वह वापस आ रहा था तो बीच रास्ते में पीड़ित को गांव का ही युवक अकमल मिल गया। और पीड़ित से बाइक पर लिफ्ट लेकर अपने खेत तक छोड़ने की गुहार लगाई। पीड़ित आरोपी युवक की बातों में आ गया और बाइक पर बिठाकर उसे खेत तक छोड़ने के लिए ले गया पीड़ित का आरोप है कि आरोपी युवक ने खेत पर ले जाकर दबंगई दिखाते हुए तमंचा दिखाकर उसके साथ जमकर मारपीट की और गाली -गलौज करते हुए उसकी बाइक पर परली डालकर आग के हवाले कर दिया। पीड़ित की बाइक जलकर खाख हो गई पीड़ित ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। पीड़ित युवक ने मंगलवार को थाने पहुंचकर आरोपी युवक के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### घर के बाहर खेल रही बाइक की टक्कर से बालिका घायल

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कांधला।कस्बे के मोहल्ला खेल में घर के बाहर खेल रही एक बालिका को बाइक सवार ने टक्कर मार कर घायल कर दिया। पीड़ित परिजनों ने घायल बालिका को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया और थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मंगलवार को कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी निजामुद्दीन की 9 वर्षीय पुत्री सोनम घर के बाहर खेल रही थी। पीड़ित परिजनों के अनुसार खेलती हुई बच्ची को अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी घायल बालिका की चीख पुकार सुनकर मोहल्ले के लोग जमा हो गए और परिजनों ने घायल अवस्था में निकट के निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। बाइक सवार बालिका को टक्कर मार कर अपनी बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। पीड़ित परिजनों ने घायल बालिका का प्राथमिक उपचार कराने के बाद घायल अवस्था में जिला अस्पताल के लिए ले गए। घायल बालिका के पिता ने थाने पहुंचकर अज्ञात बाइक चालक के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर अज्ञात बाइक सवार की तलाश शुरू कर दी है।

### आर्य जाट महासभा की बैठक आयोजित

शामली।मंगलवार को आर्य जाट महासभा की एक बैठक चुनाव अधिकारी सुनील निर्वाल की अध्यक्षता में शहर के माजरा रोड स्थित आवास पर आयोजित की गई। बैठक में महासभा की नई कार्यकारणी के गठन पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए चुनाव अधिकारी सुनील निर्वाल ने कहा कि वर्ष 2010 के आधार पर सदस्या द्वारा चुनाव कराया जायेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि महासभा के सक्रिय एवं साधारण सदस्यों की एक बैठक आगामी 8 जून को होगी।

# शांतिपूर्ण तरीके से मनाए ईद-उल-अजहा का त्योहार

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कैराना। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने खादर क्षेत्र के गांव मण्डावर के ग्रामीणों के साथ में बैठक आहूत की। इस दौरान उन्होंने लोगो से ईद-उल-अजहा का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने तथा आपसी सौहार्द को बरकरार रखने की अपील की है। साथ ही, फिजा खराब करने वाले गुंडा तत्वों को सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी है।

मंगलवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह खादर क्षेत्र के गांव मण्डावर में पहुंचे। जहां पर उन्होंने गांव में स्थित सरकारी स्कूल के प्रांगण में ग्रामीणों के साथ में बैठक की। उन्होंने ग्रामीणों के साथ में संवाद करते हुए शांति-व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि असामाजिक तत्व समाज में वैमनस्यता पैदा करने का कार्य करते है। ऐसे लोगो का सामाजिक स्तर पर बहिष्कार होना चाहिए।

उन्होंने आगामी दिनों में होने जा रहे ईद-उल-अजहा के त्योहार को कानून के दायरे में रखकर शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का आह्वान किया। साथ ही, माहौल खराब करने वाले असामाजिक तत्वों से सख्ती के साथ निपटने की चेतावनी दी है। उन्होंने ग्रामीणों से किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की भी अपील की है। इस अवसर पर भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# नवनियुक्त एडीएम सत्येन्द्र सिंह का फूल मालाओं से स्वागत किया

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



शामली। मंगलवार को उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ द्वारा नगर पालिका सभागार में नवनियुक्त एडीएम सत्येन्द्र सिंह का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। उन्होने एमडीएम के समक्ष सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को भी रखा। शाखा यूनियन अध्यक्ष प्रवीण कुमार वाल्मीकि व महासचिव अश्वनी तेश्वर ने एडीएम सत्येंद्र सिंह का नगर पालिका के सभागार में मुख्य अतिथि के रूप में आए अध्यक्ष अरविंद संगल, अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार सोलंकी, सफाई खाद्य निरीक्षक आदेश कुमार सैनी के साथ फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। स्वायत शासन कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष अमित तेश्वर, महासचिव विनोद निर्वाल ने एडीएम को प्रतीक चिन्ह सौंपा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका कर्मचारियों ने अपनी समस्या को भी रखा। जिसमें उन्होने सफाई कर्मियों की भर्ती कराने की मांग की। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप टांक मायूस ने किया। इस अवसर पर सुपरवाइजर धर्मेंद्र झंझोट, राजन पाहिवाल, जितेंद्र चंद्रा, अनुज चावला, सचिन तेश्वर, मनीष गहलोत, दीपक बिडला, प्रदीप चावला, दीपक चंद्रा, संदीप सोदाई, अश्वनी पारचा, जाकिर हुसैन, सुनील बंसल, गजेंद्र बाबू, आजम खान, अमित कुमार, अरविंद कुमार, हर्षित गर्ग, अमरपाल, विजय कुमार पाहिवाल, विनोद कुमार कंडेरा ,वसीम मलिक आदि मौजूद रहे।

## योग शिविर आयोजित

शामली। मंगलवार को दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट के तत्वाधान में नियमित योग शिविर नगर पालिका परिसर में आयोजित किया गया। नगर पालिका ऊपरी मंजिल पर आयोजित योग शिविर में शिक्षकों द्वारा सूक्ष्म क्रियाएं, ताड़ासन, त्रिकोणासन उष्ट्रसन, शशांक आसन, भुजंग आसन ,मकरासन, सर्पासन, मरकट आसन, सेतुबंध, का अभ्यास कराया गया। उसके उपरांत प्राणायाम ध्यान कराया गया। अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा ने कहा कि योग से आप शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। प्रतिदिन नियमित योग साधना करने से हमारे शारीरिक दोष दूर हो जाते हैं। अवसाद से छुटकारा, शरीर लचीला, मेटाबॉलिज्म का निर्माण, ब्रीदिंग सिस्टम डेवलपमेंट, पाचन तंत्र, स्नायु तंत्र मजबूत बनते हैं।

## समर कैम्प में बच्चों ने लिया मैंगो पार्टी का आनन्द



शामली। शहर के श्री सत्यनारायण इंटर कॉलेज में चल रहे समर कैम्प में बच्चों ने मैंगो पार्टी का आनन्द उठाया। कॉलेज समिति के प्रबन्धक राजीव संगल ने समर कैम्प में चल रही गतिविधियों का औचक निरीक्षण किया एवं अपने महत्वपूर्ण सुझाव व निर्देश भी दिय। समर कैम्प में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के क्रियाकलापों के साथ-साथ मैंगों पार्टी का भी आनन्द उठाया। जिससे बच्चें बहुत खुश नजर आये। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि समर कैम्प से बच्चों में नया उत्साह उत्पन्न होगा और वे नयी नयी चीजें सीखेंगें। इसी क्रम में आज हमने मैंगो पार्टी का भी आयोजन किया। कैम्प संचालक छवि शर्मा ने किया। आज के दिन बच्चों ने सबसे पहले योग के विभिन्न आसन किये इसके बाद उन्होने फुटबॉल और बैडमिन्टन भी खेला। संगीत की कक्षा में बच्चों ने विशेष रूप से प्रतिभाग किया एवं सभी संगीत सीखने के प्रति उत्सुक दिखे। संगीत की कक्षा में आज बच्चों को संगीत की परिभाषा, स्वर लिपि एवं स्वर गायन का अभ्यास कराया गया। साथ ही संगीत वाद्यों के बारे में भी परिचित कराया गया।

# किसान गोष्ठी आयोजित, किसानों को दी फसलों की विस्तृत जानकारी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**




कांधला। खण्ड विकास क्षेत्र के गांव डांगरोल के कम्पोजिट विधालय मे विकसित कृषि संकल्प अभिया के अन्तर्गत किसानो को तकनीकी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष संजीव जावला ने की। कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक डा संदीप चौधरी ने श्री अन्न के बारे मे बताया। ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो, कुटकी, कंगनी, और चेना प्रोसो मिलेट के उत्पादन की तकनीकी के बारे मे बताया। श्री अन्न मे पाये जाने वाले पोषक तत्वो के विषय पर भी चर्चा की। मिलेट्स कम ग्लुटिन के कारण सीलिएक रोग और ग्लूटेन संवेदनशीलता वाले लोगों के लिए सुरक्षित विकल्प कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स रक्त शर्करा के स्तर को धीरे-धीरे बढ़ाता है, मधुमेह रोगियों के लिए अनुकूल प्रीबायोटिक गुण आंतों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है और श्री अन्न के एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण शरीर में सूजन को कम करता है और पुरानी बीमारियों से बचाता है। जल संरक्षण के सम्बध मे बताया। कृषि विज्ञान केन्द्र वैज्ञानिक डा साकिब परवेज ने कृषि यंत्रीकरण योजनाओ, विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्री जैसे सुपर सीडर, सैडर, पैडी प्रबन्धक यंत्र, फसलोत्पादन मे फसल अवशेष प्रबंधन के महत्व से मृदा उर्वरता मे वृद्धि के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। सहायक विकास अधिकारी (कृषि रक्षा) अजय तोमर ने गन्ना मे लगने वाले ब्लाक स्मट रोग, लाल सडन रोग नियंत्रण के लिए बीज शोधन पर चर्चा की। इमीडा प्लस फिप्रोनिल के संयुक्त मिश्रण के बारे मे बताया। सहायक विकास अधिकारी (कृषि) जयदेव उपाध्याय ने सोलर पम्प, किसान कार्ड, फैमिली आईडी, राजकीय बीज भण्डार विकास खण्ड परिसर पर मिलने वाले धान की प्रजातियो पीबी 1692,पीबी 1847, पीबी1885, पीबी1509,आदि के साथ ही धान की सीधी बुवाई डी एस आर विधि के बारे मे बताया। इस दौरान कार्यक्रम में कहीं ग्रामीण मौजूद रहे।

# मोरिंडा धाम का होगा कायाकल्प दानदाता आए आगे

## चंवरा के मोरिंडा धाम में 50 लाख की लागत से बनने वाले सत्संग भवन की संत महात्माओं के सानिध्य में रखी आधारशिला

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

चंवरा। कस्बे के किशोरपुरा सीमा पर स्थित मोरिंडा धाम के पलटूदास अखाड़ा पंचमुखी बालाजी मंदिर परिसर में लगभग 50 लाख रुपए की लागत से सत्संग भवन का निर्माण किया जाएगा। मंगलवार को विधिवत रूप से बामलास धाम के महंत लक्ष्मण दास महाराज, आश्रम के महंत रघुनाथ दास महाराज, फेरन दास महाराज, दीपक दास के सानिध्य में पंडित महेश कुमार शर्मा ने मंत्रोचार के साथ पूजा-अर्चना करवाकर भूमि पूजन किया गया। तत्पश्चात संत महात्माओं, भामाशाहों एवं कमेटी के लोगों द्वारा सत्संग भवन की आधारशिला रखी गई। कथावाचक पंडित दिनकर शास्त्री द्वारा बामलास धाम के



महंत लक्ष्मण दास महाराज का सम्मान किया गया। कमेटी के अध्यक्ष गजराज सिंह शेखावत, जगदीश प्रसाद शर्मा, सुरेश मीणा किशोरपुरा, सरपंच मोहनलाल सैनी, शिम्भूदयाल सैनी, डॉक्टर सांवरमल सैनी, नत्थूराम सैनी, राधेश्याम कुमावत, रामनिवास सैनी, सांवरमल मीणा, सांवरमल खटाणा, इंद्र सिंह पोंख के द्वारा भामाशाह गोकुल कृपा कॉलोनाइजेशन के निमार्ता गोकुल प्रसाद सैनी का सम्मान किया गया। पिछले काफी समय से आश्रम में रामकथा और जागरण इत्यादि के लिए एक बड़े हाल की आवश्यकता थी जिस पर कमेटी के लोगों ने आनन-फानन में सोमवार को दान दाताओं से संपर्क कर इसके निर्माण की रूपरेखा तैयार की और मंगलवार को इस भव्य सत्संग भवन की आधारशिला रखी। इस दौरान अशोक कुमार अग्रवाल, श्रीराम महरानियां, मक्खनलाल सिंगनोर, महावीर खरबास, सुरेश कुमार, बाबूलाल सैनी, नाथूराम सैनी, कृष्ण सिंह शेखावत, श्रवण सिंह, प्रदीप सिंह, पोकरमल सैनी, राधेश्याम सैनी, धवल कुमार गुर्जर, हनुमान भंडारी, कमलेश सैनी, पप्पू चावड़ा सहित काफी संख्या में भक्त श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# नगर निगम आयुक्त ने किया सेमरा बाबा के समीप बहने वाले सूर्या नाले का निरीक्षण

## मानसून को दृष्टिगत रखते हुयें नाले की बेहतर साफ सफाई कराने के दिए निर्देश

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**

सिंगरौली- मानसून सीजन के दौरान शहरी क्षेत्र के ऐसे नाले, तालाब जहा पर जल भराव की संभावना बनी रहती है ऐसे स्थलो को चिन्हित कर नगर निगम आयुक्त के द्वारा स्वयं निरीक्षण कर आवश्यक प्रबंध कराये जा रहे है। इसी क्रम में आज नगर निगम आयुक्त डी. के शर्मा के द्वारा सेमराबाबा के समीप बहने वाले सूर्या नाले का निरीक्षण कर नाले की बेहतर साफ सफाई कराने के निर्देश दिए गए।



नगर निगम आयुक्त के द्वारा प्रायः सुबह के समय नगरीय क्षेत्र के विभिन्न वाड़ों का भ्रमण कर निर्माण कार्य, साफ सफाई व्यवस्था आदि का अवलोकन किया जाता है। निगमायुक्त के द्वारा आज अपने प्रातः भ्रमण के दौरान सूर्या नाले का निरीक्षण किया गया एवं साथ में उपस्थित सफाई अमले को निर्देश दिया गया कि नाले की बेहतर साफ सफाई कराये ताकि वर्षात के समय नाले में जल भराव की समस्या उत्पन्न न होने पायें। साथ एनटीपीसी के द्वारा निमार्णाधीन पुल का भी अवलोकन किया गया। एवं निर्देश दिए कि संबंधित संविदाकर के द्वारा पुल के आसपास जो राखड़ जमा कर रखा गया है उसको तत्काल हटाने के कार्यवाही की जाये। निगमायुक्त ने नाले में उगी जलकुभी की अपने देखरेख में सफाई कराई। साथ सफाई अमले को निर्देश दिए गए कि मानसून का समय एक दम नजदीक है शहरीय क्षेत्र के सभी नाले नालियों की अभियान चलाकर साफ सफाई कराने के साथ ही उनमें किटनाशक दवाओ का छिड़काव कराये ताकि वर्षा के समय कही भी जल भराव की समस्या न होने पाये। रहा।

# अमरवाड़ा पौनारी दादाजी दरबार में श्रीमद् भागवत कथा का समापन

## धर्म लाभ हेतु उमड़े हजारों श्रद्धालु।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**



छिंदवाड़ा,अमरवाड़ा। श्री दादाजी दरबार के तत्वाधान में ग्राम- पौनरी तहसील- अमरवाड़ा जिला- छिंदवाड़ा में श्रीमद् देवी भागवत कथा गत 25 मई से लेकर 2 जून सोमवार को विसर्जन किया गया। जिसमें समस्त ग्रामवासी- पौनारी एवं आसपास के हजारों की संख्या में आए और बड़े ही उत्साह धूमधाम से विसर्जन किया गया जिसमें दादा जी का आशीर्वाद लिया प्रसाद वितरण किया गया`एवं कन्याभोज विशाल महाप्रसाद का आयोजन किया गया जिसमें समस्त ग्राम वासियों क्षेत्रवासी एवं दूर दूर से आसपास के क्षेत्र से भक्तजनों ने दादाजी के यहां पूजा पाठ किया एवं आनंद लिए भागवत कथा का श्रवण किया जिसमें भक्तजन हर साल की तरह इस साल भारी संख्या में उपस्थित रहे`

# खैरथल में खुशियों की लहर, जिला मुख्यालय खैरथलसीएम भजनलाल शर्मा का आकर्षक घोड़ा



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरों**

खैरथलः नए जिले खैरथल-तिजारा का जिला न्यायालय खैरथल जिला हैडक्वाटर पर खैरथल के बुद्धिजीवियों ने एक बैठक कर भजनलाल सरकार का इस अवसर पर स्वागत किया।
टिल्लू भाई किसान नेता अधि.भानुप्रकाश अग्रवाल रहो.

# बैतूल जल को बचाना यानी जीवन को बचाना - सुषमा जगताप



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

आठनेर।मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री मोहन यादव के अति महत्वपूर्ण अभियानों में से एक जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण और नदियों,तालाबों,बावड़ियों, कुओं आदि जलस्त्रोतो के पुनर्जीवन की दिशा में पूरे प्रदेश में निरंतर जन भागीदारी से कार्य किये जा रहे हैं।इसी कड़ी में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए नगर परिषद आठनेर एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद से संबद्ध नवांकुर संस्था नगर विकास प्रस्फुटन समिति आठनेर के संयुक्त तत्वाधान में मोक्षधाम स्थित नदी की सफाई एवं गहरीकरण का कार्य किया गया जिसके अंतर्गत नदी की गाद,झाड़ियों,अन्य अवशिष्ट सहित एवं घाट की साफ सफाई की गई।

जल गंगा संवर्धन अभियान की अवधारणा को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की विकासखंड समन्वयक मधु चौहान ने उपस्थित लोगों के समक्ष रखा।नगर परिषद अध्यक्ष सुषमा मनोज जगताप ने श्रमदान में उपस्थित नगरवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम केवल दिखावा या खानापूर्ति नही है बल्कि जल संरक्षण की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है।इन छोटे-छोटे लेकिन प्रभावकारी प्रयासों से आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और पर्याप्त जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।आज जल को बचाना जीवन को बचाने जैसा ही है।नवांकुर संस्था नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष तथा समाजसेवी कैलाश आजाद ने कहा कि नदी केवल जल का स्त्रोत नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर एवं ऐतिहासिक पहचान की प्रतीक है।जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से हम न केवल जल स्त्रोतों की रक्षा कर रहे हैं बल्कि पर्यावरण को सहेजने का कार्य भी कर रहे हैं

# विन्ध्यनगर पुलिस द्वार दुर्घटनाओं से बचाव हेतु वाहनों पर लगाये गये रेडियम रिफ्लेक्टर



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**

सिंगरौली। थाना प्रभारी विन्ध्य नगर निरीक्षकर अर्चना द्विवेदी द्वारा थाना अपने थाना स्टाफ की मदद से पुलिस वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में यातायात सुरक्षा एवं वाहन दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु अभियान चलाकर थाना क्षेत्र में चलने वाले 21 वाहनों पर रेडियम रिफलेक्टर लगाये गये हैं, जिससे रोड के किनारे खड़े वाहनों से टकराकर दुर्घटना होने से बचा जा सका है। आगे भी यातायात सुरक्षा एवं सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु ऐसे ही कार्य किया जायेगें ।

## बैतूल आठनेर के सरकारी अस्पताल में आयोजित हुआ मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं शिविर।

# मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद नहाते समय आंखों में गंदा पानी जाने से बचाएं: डॉ शुभम शर्मा



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

आठनेर। युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल एवं चिरायु मेडिकल अस्पताल भोपाल के सहयोग से आठनेर के सरकारी अस्पताल में मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ डॉ जीएस अर्गल, डॉ शुभम शर्मा, अभिषेकशुक्ला, गोपाल साहू, पिंकेश कुमार ने माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं मालार्पण कर शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अस्पताल के चिकित्सक डॉ शुभम शर्मा ने कहा कि मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद आंखों को संक्रमण से बचाने, सूजन कम करने और सही ढंग से ठीक होने के लिए कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए इसके अंतर्गत ऑपरेशन के बाद आई ड्रॉप का इस्तेमाल डॉक्टर के बताए अनुसार करना चाहिए, आंखों को छूने या रगड़ने से बचना चाहिए और कुछ समय के लिए भारी समान नहीं उठाना चाहिए। डॉक्टर द्वारा जो आई ड्रॉप का इस्तेमाल करने का तरीका बताया गया है उसके अनुसार ही दवाइयां का प्रयोग आंखों में करना चाहिए। डॉ शुभम शर्मा ने बताया कि आंखों को छूने धकेलने या रगड़ने से बचना चाहिए इससे संक्रमण हो सकता है। तेज हवा वाले स्थान पर जाने से बचना चाहिए जहां धूल गंदगी आंखों में जा सकती है। मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद नहाते समय आपकी आंखों में गंदा पानी जाने से बचना चाहिए ।

# गोंदिया से बालाघाट ब्रॉडगेज दोहरीकरण का प्रस्ताव पहुंचा रेल बोर्ड

## बालाघाट से बंद पड़ी मेमो ट्रेनों का पुनः किया जाए परिचालन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**

बालाघाट। 20 वीं क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक बीते दिनों दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय, बिलासपुर में जोन महाप्रबंधक तरुण प्रकाश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सांसदो सहित क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के 19 सदस्य सहित विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा किये गये महत्वपूर्ण कार्यों एवं जोन की उपलब्धिओं से सदस्यों को अवगत कराया। उन्होनें कहा कि यात्रियों की सुविधा और उनकी अपेक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलवे लगातार यात्री सुविधाओं के विकास कार्य कर रहा है। बैठक में जेडआरयूसीसी सदस्य, मोनिल



अशोक जैन ने अपनी बात रखते हुए कहा कि, दिल्ली - भोपाल जबलपुर- रायपुर - बिलासपुर के लिए ट्रेन चलाने। गोंदिया से रायगढ़ जनशताब्दी एक्सप्रेस को व्हाया बालाघाट से नैनपुर तक विस्तारीकरण। लामता में जबलपुर चांदाफर्ट ट्रेन के स्टॉपेज , टाटानगर इतवारी ट्रेन का मार्ग डायवर्ट कर तुमसर कटंगी बालाघाट से गोंदिया करने, पेंचवेली और पातालकोट ट्रेन मेंटेनेंस के लिए विस्तार गोंदिया (पीट लाइन तक), छिंदवाड़ा सिवनी से हावड़ा वाया नैनपुर बालाघाट गोंदिया परिचालन एवं अन्य क्षेत्रिय मुद्दों में मुख्य रूप से बालाघाट स्टेशन के प्लेटफॉर्म की संख्या बढ़ाने । ताकि लंबी दूरी ट्रेनों का संचालन चारों और से हो सके। बालाघाट स्टेशन में दूसरी एंट्री गेट ,टिकट काउंटर के साथ कटंगी वारासिवनी स्टेशनों के उनयन की चर्चा महाप्रबंधक महोदय से की थी। इस संबंध में जोन महाप्रबंधक ने जानकारी दी कि अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल बालाघाट में स्टेशन में फ्लेट फार्म की संख्या 4 की जा रही है। जिनकी लंबाई भी बढ़ाई जाएगी साथ ही कवर शेड, शौचालय,12 मीटर फुट ओवर ब्रिज, पानी की व्यवस्था के साथ अन्य यात्रि सुविधा को भी मंजूरी दे दी है।

# अवैध रेत का परिवहन कर रहे ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जप्त

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



सिंगरौली ।बंधौरा चौकी पुलिस ने नगवां गांव के कब्रिस्तान के समीप स्थित नदी से रेत का अवैध परिवहन में संलिप्त ट्रैक्टर को जब्त करते हुए कार्यवाही की है। यह कार्रवाई एसपी के निर्देशन में बंधौरा चौकी प्रभारी बीएल बंसल ने की है। चौकी प्रभारी श्री बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से सूचना मिली की नगवां गांव के कब्रिस्तान के समीप स्थित नदी से एक ट्रैक्टर रेत लोड कर कर्सूआराजा की तरफ जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर चौकी प्रभारी ने इसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी। जहां अधिकारियों के निर्देश पर तत्काल एक पुलिस टीम गठित कर मुखबिर के बताए हुए स्थान पर दबिश दी। जहां पुलिस ने रेत से लोड ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 66 ए 6922 को घेराबंदी करते हुए पकड़ लिया। जहां पुलिस की पूछताछ में चालक ने अपना नाम अरुण कुमार गुप्ता पिता मनबोध गुप्ता निवासी नगवां का होना बताया। पुलिस ने रेत के संबंध में कागजात की मांग की। जहां चालक के पास कोई वैध कागजात नही मिला।

पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त करते हुए विभिन्न धाराओं में कार्यवाही किया है। कारवाही में सउनि पंकज सिंह,आर.रामराजा लोधी, राकेश यादव, प्रवीण तिवारी व आर पुष्कर पोरवाल की भूमिका रही।

# बांसवाड़ा आज भी ताक रहा रेल की राह, 14 साल पहले हुआ था शिलान्यास, पर अब भी अधूरी है आस

बांसवाड़ा। 176 किलोमीटर लंबी डूंगरपुर-बांसवाड़ा-रतलाम रेल परियोजना के लिए वर्ष 2011 के रेल बजट में घोषणा हुई। इसके बाद रेलवे बोर्ड और राजस्थान सरकार के बीच भूमि की लागत को छोड़कर 50-50 प्रतिशत की भागीदारी के साथ काम शुरू करने संबंधी समझौता हुआ था, पर यह परियोजना अब भी अधर में लटकी है। राजस्थान का दक्षिणी जिला बांसवाड़ा, जो गुजरात और मध्यप्रदेश की सीमाओं से सटा हुआ है, आजादी के 77 साल बाद भी भारतीय रेल के नक्शे से गायब है। यहां के लोगों की रेल यात्रा की इच्छा अब एक दशक से भी अधिक समय से अधूरी पड़ी है। 2011 में जिस डूंगरपुर-बांसवाड़ा-रतलाम रेल परियोजना का बड़े समारोह में शिलान्यास किया गया था, वह अब तक धरातल पर आकार नहीं ले सकी है। बांसवाड़ा की भौगोलिक स्थिति देखें तो इसके चारों ओर रेल सेवाएं पहले से उपलब्ध हैं। पूर्व की ओर 85 किलोमीटर दूर रतलाम जंक्शन है, दक्षिण में गुजरात का दाहोद, पश्चिम में डूंगरपुर और उत्तर-पश्चिम की ओर उदयपुर स्थित है, जो लगभग 100 से 160 किलोमीटर की दूरी पर हैं। लेकिन इन सबके बीच बांसवाड़ा रेलवे से वंचित है, जिससे यहां के लोगों को रेल से यात्रा करने के लिए पहले इन स्टेशन तक का सफर करना पड़ता है। ऐतिहासिक परियोजना, लेकिन अधूरी-डूंगरपुर-बांसवाड़ा-रतलाम रेललाइन देश की पहली साझेदारी परियोजना थी, जिसमें राज्य सरकार और रेलवे ने 50-50 प्रतिशत अंशदान की सहमति दी थी। इसकी घोषणा 2011 के रेल बजट में की गई और तीन जून 2011 को डूंगरपुर में तत्कालीन यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने इसका शिलान्यास किया। इसके बाद राजस्थान सरकार ने अपने हिस्से के 200 करोड़ रुपये भी दिए, निर्माण कार्यालय खुले और भूमि अधिग्रहण शुरू हुआ। परंतु 2013 में सरकार बदलने के बाद परियोजना की रफ्तार थम गई और काम पूरी तरह से रुक गया।

# जल्द बनेगा रिम्स-2, झारखण्ड की स्वास्थ्य व्यवस्था को मिलेगी नई उड़ान, स्वास्थ्य व्यापार नहीं सेवा है

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

रांची झारखण्ड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के ध्यानार्थ अहम भूमिका सुनिश्चित करने पर लगे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में हम स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। रिम्स-2 का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है, और अगले दो वर्षों में यह सपना साकार होगा। राज्य के लोगों को आधुनिक और व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं देने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम होगा। डॉ अंसारी मंगलवार को राजधानी रांची स्थित रेडिसन ब्लू होटल में आयोजित एएचपीआई कॉन्क्लेव में राज्यभर के निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि, प्रबंधक एवं चिकित्सकों को सम्बोधित कर रहे थे। यह कॉन्क्लेव आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत सरकारी देय बिलों के लंबित भुगतान से सम्बन्धित मुद्दों को लेकर बुलाया गया था। मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि कुछ अस्पतालों




द्वारा आयुष्मान कार्ड का दुरुपयोग किया जाता है। कुछ अस्पताल कार्ड को स्वाइप कर पूरा पैसा निकाल लेते हैं और मरीज को रिम्स रांची रेफर कर देते हैं, यह पूरी तरह अस्वीकार्य है। गरीबों को उनके हक का इलाज मिलना चाहिए और योजना का पूरा लाभ भी। ऐसा कोई भी व्यवहार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा की स्वास्थ्य व्यापार नहीं सेवा है, इसे समझना होगा। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने सभी अस्पताल प्रबंधकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और इस पर सख्त रुख अपनाते हुए विभाग को जल्द से जल्द लंबित बकाया बिलों के भुगतान का निर्देश जारी किया।उन्होंने कहा कि नेशनल एंटी फ्रॉड यूनिट द्वारा चिन्हित 212 अस्पतालों की जांच के चलते कुछ भुगतान में देरी हुई है।अन्य 350 अस्पतालों के भुगतान में नई पोर्टल प्रणाली के कारण तकनीकी अड़चनें सामने आई हैं, जिन्हें दूर करने के लिए विभाग की टीम लगातार एनएचए से सम्पर्क में है। समाधान जल्द सुनिश्चित किया जायेगा। अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने बताया कि राज्य की नवजात और मातृ मृत्यु दर राष्ट्रीय औसत से थोड़ी कम है और हम कई राज्यों से बेहतर हैं। राज्य में सरकारी और निजी क्षेत्र में कुल लगभग 15,500 बेड हैं। सरकार हर साल 2,000झ3,000 नए बेड जोड़ने की दिशा में काम कर रही है, ताकि एक लाख बेड का लक्ष्य जल्द पूरा हो सके। एनएचएम के अभियान निदेशक अबू इमरान ने कहा कि मातृ और शिशु मृत्यु दर को लेकर सरकार गंभीर है। राज्य के 85% लोगों को हेल्थ इंश्योरेंस कवर मिल चुका है। झारखंड पहला राज्य है जहां कर्मचारियों को असीमित बीमा कवर दिया जा रहा है। राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा, मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना और आयुष्मान भारत योजना मिलकर राज्यवासियों को मजबूत स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान कर रही हैं। कार्यक्रम में डॉ. राजेश कुमार, सैयद अहमद अंसारी, डॉ. सतीश ठाकुर, डॉ. अनंत सिन्हा, डॉ. अजय सिंह, डॉ. शंभू, डॉ. प्रदीप सिंह, मंजूर अंसारी, अनवर अहमद अंसारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं चिकित्सकगण मौजूद रहे।

# झामुमो जिलाध्यक्ष अजीजुल ईस्लाम ने जनसमस्याओं से हुए अवगत, निष्पादन का दिलाया भरोसा

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

पाकुड़ (झा०खं०), पाकुड़ स्थित झामुमो कार्यालय में जिला अध्यक्ष अजीजुल इस्लाम ने जनता दरबार आयोजित कर जिले के ग्रामीण क्षेत्र से आये आम-जनों की समस्याओं से रूबरू होने के पश्चात उनकी समस्याओं को यथाशीघ्र सम्बन्धित विभाग से कराने की भरोसा दिलाया। जनता दरबार में लोगों ने बिजली, पेयजलापूर्ति अन्य समस्याओं को जिला अध्यक्ष




के समक्ष पेश किया। साथ ही जिलाध्यक्ष अजीजुल ईस्लाम ने कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट सम्बन्धित विभाग से समाधान भी कराया। मौके पर झामुमो के झामुमो के वरीय पदाधिकारी मिथिलेश कुमार घोष, प्रखण्ड अध्यक्ष मसुदुद्दीन शेख, मुबारक हुसैन, महिला मोर्चा के पदाधिकारी अन्य मौजूद थे।

# बकरीद को लेकर कमार्टांड़ थाना परिसर में शान्ति समिति की हुई बैठक



नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,

जामताड़ा (झा०खं०), कमार्टांड़ थाना परिसर में बकरीद को लेकर शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से थाना प्रभारी, अंचल अधिकारी सहित कई जनप्रतिनिधि और समाजसेवी उपस्थित थे। बैठक के दौरान थाना प्रभारी ने जानकारी ली और बताया कि मुख्य इलाके जैसे बाबूडी, सीताकाटा, ईदगाह मोड़, अलगचूहा मोड़, नवादीह, कमार्टांड़, बागबेर सहित आदि इलाकों में प्रशासन की विशेष व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में शान्ति और सौहार्द बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी, कहीं भी कोई विवाद दिखाई दे तो उसकी जानकारी प्रशासन को दी जाए, ताकि सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने सभी से अपील की कि बकरीद की त्यौहार शांतिपूर्ण और मर्यादित तरीके से मनाया जाए, जिससे किसी भी धर्म या जाति की भावनाओं को ठेस न पहुंचे। मौके पर समाजसेवी राम प्रसाद मंडल, राम रतन मंडल, श्याम सुंदर मंडल, सकुर अंसारी, सुशील मरांडी, कलीम अंसारी, गोपाल मंडल, श्रीनाथ होरन, वासुदेव मंडल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# बकरीद पर्व को लेकर ठाकुरगंगटी थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित



नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

ठाकुरगंगटी (गोड्डा): प्रखंड क्षेत्र में बकरीद पर्व को लेकर मंगलवार को थाना परिसर में थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार मंडल और थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह आदि द्वारा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों में मनाया जाने वाले बकरीद पर्व की जानकारी दी गई। सबों से कहा गया कि बिल्कुल शांति और सद्भाव पूर्ण वातावरण में बीते वर्षों की तरह ही बकरीद पर्व मनायें ताकि थाना प्रखंड क्षेत्र में शांति सद्भावना कायम तथा एक दूसरे के बीच भाईचारा कायम रहे। कोई ऐसा काम नहीं करें जिससे कि किसी को किसी प्रकार की परेशानी हो। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किसी प्रकार के भड़काऊ शब्दों का प्रयोग नहीं करें। जब भी किसी प्रकार की परेशानी की आशंका हो पुलिस प्रशासन को सूचित करें। अविलंब पुलिस प्रशासन पहुंचेगी और हर संभव सहयोग किया जाएगा। बैठक में थाना के सहायक घनश्याम राय, अवधेश सिंह, नागेंद्रनाथ पांडेय, अशोक शर्मा, प्रभारी प्रमुख कुंदन कुमार महतो, मुखिया मनोरंजन कुमार, पंचायत समिति सदस्य विनीत कुमार, इंद्रजीत मंडल, कुर्बान अली कासमी, अजमल हुसैन, उमेश प्र साह, असदुल्ला अंसारी, शेख वहीद, रविंद्र प्र महतो, साहिल अंसारी, अर्जुन यादव, जसीम खान, ताहिर अंसारी सहित थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव के दर्जनों लोग शामिल थे।

# हत्यारे को अविलंब गिरफ्तारी को लेकर लोगों ने किया सड़क जाम, प्रशासन ने समझा- बुझाकर किया शानत



नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

गोड्डा (झा०खं०), महेंद्र टुडू हत्याकांड के विरोध में दुमका भागलपुर मुख्य मार्ग पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र में करीब 4 घंटा जाम रहने के बाद पदाधिकारी के आश्वासन के पश्चात जाम को हटा लिया गया। ग्रामीणों ने हत्यारे की अभिलंब गिरफ्तारी की मांग के साथ क्षेत्र में पुलिस पिकेट बनाने सहित पीड़ित परिवार को मुआवजा देने के साथ अन्य मांग पुलिस प्रशासन के पास रखा। मौके पर पड़ैयाहाट बीडीओ फुलेश्वर मुर्मू, प्रशिक्षु डीएसपी कुमार गौरव, सदर पुलिस इंस्पेक्टर मधुसूदन मोदक, पड़ैयाहाट इंस्पेक्टर ई जी बागे, थाना प्रभारी पड़ैयाहाट बिनय कुमार सहित पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसबल मौजूद थे। मालूम हो कि सोमवार को दिनदहाड़े सीएचपी में पूर्व मुखिया महेंद्र टुडू की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# झामुमो के पूर्व बाघमारा प्रखण्ड कोषाध्यक्ष धनबाद एसएसपी से की मुलाकात

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

धनबाद (झा०खा०), झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व प्रखण्ड कोषाध्यक्ष आमिर खान ने धनबाद के नवपदास्थापित एसएसपी प्रभात कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान शमीम शाह, छोटू खान, संजय बाबा, शाहिदा परवीन, मौजूद थे। एनपीटी के संवाददाता संतोष कुमार दे से



अपनी बातें साझा करते हुए आमिर खान ने बताया कि 2016 में प्रभात कुमार बाघमारा में एसडीपीओ के पद पर कार्यरत थे। तब से हमारी अच्छी पहचान है। आज वे धनबाद के नये एसएसपी के पद पर अपना कार्य का निर्वाह कर रहे हैं तो हम लोगों ने उन्हें बधाई देने के लिए एसपी कार्यालय पहुंचे हैं।

# न्यायाधीश शेष नाथ सिंह ने जेल का लिया जायजा



नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

पाकुड़ (झा०खं०), झालसा रांची के निर्देश पर मंगलवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह ने जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान बंदियों के पुरुष एवं महिला वार्ड, रसोई, लाइब्रेरी, अस्पताल, लीगल एंड क्लीनिक का बारीकी से निरीक्षण किया गया। साथ ही बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, नास्ता, भोजन व मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने या ना होने की जानकारी ली। स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह- अध्यक्ष, डालसा शेष नाथ सिंह ने बंदियों के शौचालयों की साफ- सफाई के निर्देश दिया। मौके पर प्रभारी सचिव विशाल मांझी, लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के डिप्टी चीफ संजीव कुमार मंडल, न्यायालय कर्मी, जेल के प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# मोहम्मद सेलिम हुसैन बने कांग्रेस के पाकुड़ जिला सचिव



नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

पाकुड़ (झा०खं०), झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष केशव कमलेश महतो के अनुमोदन के आधार पर मोहम्मद सेलिम हुसैन को पाकुड़ जिला कांग्रेस कमेटी में जिला सचिव के पद पर मनोनीत किया गया। पाकुड़ जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार व प्रखण्ड अध्यक्ष मानसारूल हक ने मोहम्मद सेलिम हुसैन को फूल माला पहनकर बधाई देने के साथ शुभकामनाएं एवं धन्यवाद दिया। सेलिम हुसैन ने कहा कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का अहम भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर डॉक्टर जोहारूल इस्लाम, सोशल मीडिया प्रभारी पियारुल इस्लाम, जिला सचिव मिथुन मरांडी, कामरूल शेख सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बकरीद पर्व में प्रतिबंधित पशुओ की कुबार्नी पर रोक- एसडीपीओ

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

लातेहार (झा०खं०),, लातेहार जिला अन्तर्गत बालूमाथ थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रवानी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मौके पर बोलते हुए बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी ने कहा कि सरकार द्वारा निर्देशित प्रतिबन्धित पशुओं की कुबार्नी पर रोक है। ऐसा नहीं मानने वाले लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। आप सभी लोग शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाए, सहयोग के लिए पुलिस प्रशासन तैयार है। वहीं बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने कहा कि त्यौहार के दौरान आपसी सौहार्द बिगाड़ने वाले लोगों पर पुलिस की नजर है। शोशल मीडिया पर धर्मविशेष पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने से बचे। वही सर्किल इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ, बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव ने कहा कि आपलोग मिलजुल कर त्यौहार मनाये। ऐसी आप लोगों से अपेक्षा है। वही आयोजित सभा को श्याम सुंदर यादव, शैलेश सिंह,मो.इमरान,गंगेश्वर यादव, प्रेम गुप्ता समेत कई लोगो ने सम्बोधित किया और त्यौहार को सफल बनाने में पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की बात कही। मौके पर लोगो ने जानकारी देते हुए कहा कि बकरीद त्यौहार के दिन पांकी रोड़ स्थित ईदगाह में सुबह 8 बजे नमाज अदा की जायेगी।वही बकरीद पर्व को लेकर सभी बालूमाथ शहर में नो एंट्री लगाने की मांग किया। मौके पर बालूमाथ थाना एसआई अनुभव सिन्हा,अमित कुमार,गौतम कुमार,रंजन कुमार, मो.शमीम,आर.बी सिंह, झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष प्रदीप यादव, मो. अख्तर, दिलमनी यादव, मो.नईम, गिरधारी यादव, अरुण गुप्ता, मो.सनाउल्लाह, मो.जियाउल, रौशन यादव, सोनू सिंह, सहेंद्र राम, मो.शाहिद समेत कई लोग उपस्थित थे।

# डीसी ने रक्तदान कर वॉलंटरी कार्ड जारी करने की प्रक्रिया का किया शुभारंभ

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो गोड्डा झारखंड

गोड्डा : उपायुक्त अंजली यादव ने मंगलवार को सदर अस्पताल के ब्लड सेंटर में स्वैच्छिक रक्तदान करते हुए वॉलंटरी डोनर कार्ड जारी करने की प्रकिया का शुभारंभ किया।

डोनर कार्ड जारी करने का उद्देश्य : अधिक से अधिक स्वैच्छिक रक्तदाताओं को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। डोनर कार्ड की वैधता जारी करने की तिथि से अगले 6 माह तक रहेगी। इस अवधि में




रक्तदाताओं को आवश्यकता पड़ने पर ब्लड सेंटर, गोड्डा से प्रतिस्थापन के रूप में रक्त उपलब्ध कराया जाएगा। यह कार्ड स्वैच्छिक रक्तदाता को हाथों हाथ उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ० अरविंद कुमार, डॉ० आकाश कुमार, प्रभारी ब्लड सेंटर, मोनाली राय, अस्पताल प्रबंधक, डॉक्टर अशोक कुमार मेहता, डॉ० दिलीप कुमार ठाकुर, जिला डाटा स्वास्थ्य प्रबंधक जयशंकर समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## चिराग तले अंधेरा, विकास की दौड़ में पीछे छूटता कतरास वार्ड 3 का

# गुहीबांध निगम से लेकर जनप्रतिनिधियो की उपेक्षा का शिकार

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,

धनबाद (झा०खा), जिस धनबाद नगर निगम कतरास आंचल कार्यालय से वार्ड संख्या 1 से 8 तक विकास कार्य, साफ सफाई संचालित होती हैं, उसी निगम कार्यालय के नजदीक जाने वाला रास्ता खुद निगम की खामियों की पोल खोल रहा है। चीख चीख के निगम की ज्यादती को बतला रहा है। एक ओर जहां शहर के विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से नालियों और सड़कों का निर्माण हो रहा है। वहीं दूसरी ओर कुछ मोहल्ले आज भी विकास की रोशनी से अछूते हैं, कारण कुछ भी हो मगर जनता को रही असुविधा से कोई सरोकार नहीं है। ऐसी ही स्थिति है कतरास अंचल क्षेत्र के वार्ड संख्या 3 की। खासकर कतरास-राजगंज मुख्य मार्ग स्थित गुहिबंध मोहल्ले की। यहां मुख्य सड़क से जमुनिया जलापूर्ति की पाइपलाइन जगह-जगह से फट चुकी है। ऊपर से सड़क के दोनों ओर पक्की नालियों का अभाव है, जिससे पाइप से बहता पानी सड़क पर फैल जाता है। बसस्टैंड के बगल की नालियां बदबू और कई बीमारियों को बढ़वा देती हैं, स्ट्रीट लाइट्स कुछ समय की मरम्मत के बाद रोने लगती है। मानो विकास की दुश्मनी इस मोहल्ले के लोगों से हो गई है। हर गुजरते वाहन के साथ यह पानी कीचड़ और गंदगी का रूप ले लेता है, सड़के टूट जाती है धार्मिक लोगों की मान्यताओं को ठेस पहुंचती है और मानो खुद चीख-चीख कर निगम की लापरवाही की कहानी कहता है। जहां एक ओर निगम के अधिकारी कागजों पर विकास कार्यों की लंबी सूची गिनाते हैं, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत इससे एकदम अलग है- ह्यचिराग तले अंधेरा की कहावत को चरितार्थ करती हुई। आखिर सालों से नली के लिए तड़पती जनता की व्याथा को समझेगा कौन? वही जब इस संबंध में निगम के अधिकारियों से पूछा गया तो उन्होंने आश्वासन दिया कि बरसात से पहले नालियों की सफाई कर ली जायेगी।

### सी एम ग्रिड के चल रहे कार्यों का नगर आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण, गति बढ़ाने के लिए निर्देश

# कार्य करने के दौरान सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखे फर्म -नगर आयुक्त

**नगर आयुक्त ने हिंडन एयर फोर्स से मोहन नगर चौराहे तक चल रहे कार्यों को देख जताया संतोष, नागद्वार रोड पर कार्यशाली देख हुए सख्त**

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

गाजियाबाद । नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा सी एम ग्रिड के कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया, मौके पर ही अधिकारियों तथा संबंधित ठेकेदार को भी बुलाया गया निरीक्षण के दौरान मोहन नगर चौराहे से लेकर हिंडन एयर फोर्स पर चल रहे कार्यों का जायजा लिया गया, 1300 मीटर की रोड पर चल रहे कार्य को देख नगर आयुक्त द्वारा संतोष जताया गया तथा इसके बाद नगर आयुक्त द्वारा नागद्वार स्थित रोड का भी जायजा लिया गया जो की 1200 मीटर है जिस पर चल रहे कार्यों को देख नगर आयुक्त द्वारा टीम को सख्त निर्देश दिए गए साथ ही तेजी से कार्य करने के लिए कहा गया'



मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी द्वारा बताया गया कि लगातार सी एम ग्रिड के मोहन नगर जोन अंतर्गत चल रहे हैं जिनकी मॉनिटरिंग निर्माण विभाग के अधिकारी कर रहे हैं आज मौके पर खुद नगर आयुक्त महोदय द्वारा भी निरीक्षण किया गया जिसमें नगर आयुक्त द्वारा संबंधित फर्म को तेजी से कार्य करने के लिए निर्देश दिए साथ ही सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने तथा गंदगी को साथ के साथ हटाने की निर्देश भी दिए गए'

आर एंड सी इंफ्रास्ट्रक्चर द्वारा सी एम ग्रिड के कार्यों को कराया जा रहा है जिसकी मॉनिटरिंग निगम अधिकारी कर रहे हैं किसी भी लापरवाही पर संबंधित फर्म को नोटिस जारी करने की चेतावनी नगर आयुक्त द्वारा निर्माण विभाग को भी दी गई है, नगर आयुक्त द्वारा कार्य के समय सफाई व्यवस्था बनाए रखने तथा सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की निर्देश दिए गए हैं' निरीक्षण के दौरान मौके पर निर्माण विभाग के सभी अधिकारी उपस्थित रहे'

# मजदूर के बेटे ने रचा इतिहास, जेईई में लहराया परचम

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

गाजियाबाद । मेहनत, संघर्ष और लगन के दम पर रामप्रस्थ निवासी राहुल अहिरवार ने जेईई एडवांस में सफलता पाई है। राजमिस्त्री बाबू लाल के बेटे राहुल अहिरवार ने जेईई एडवांस्ड परीक्षा में 1367वीं रैंक पाकर परिवार का नाम रोशन किया है।

दिल्ली के एक सरकारी स्कूल से इसी वर्ष राहुल ने 86 फीसदी अंक से बारहवीं पास की है। दिन में 11 घंटे अपनी किताबों के साथ बिताने वाले राहुल का सपना आईआईटी से कंप्यूटर साइंस में बीटेक करना है। पढ़ाई के बाद व खुद का स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं। राहुल ने बताया कि उनके जीवन के सबसे बड़े प्रेरणास्रोत उनके पिता हैं, जिन्होंने तमाम परेशानियों के बाद भी उनकी शिक्षा-दीक्षा में किसी तरह की कोई कमी नहीं होने दी। राहुल ने कहा कि उन्होंने अपनी पढ़ाई दिल्ली के सरकारी स्कूल से की है। अपनी दसवीं की परीक्षा को पास करने के बाद उन्होंने कोचिंग के लिए छात्रवृत्ति के लिए परीक्षा पास की। ताकि वह अपनी पढ़ाई बिना किसी वित्तीय परेशानी के जारी रख सकें। इसके बाद उन्होंने अपनी दिनचर्या का अधिकतर समय अपनी किताबों के साथ बिताना शुरू कर दिया और किताबों से हुई इस दोस्ती ने उन्हें जेईई एडवांस्ड परीक्षा में उत्तीर्ण करा दिया। राहुल की इस सफलता से आज ना सिर्फ उनका परिवार बल्कि पड़ोसी और रिश्तेदारों में भी खुशी की लहर है। राहुल का यह जज्बा उस हर छात्र के लिए मिसाल है जो सीमित साधनों में भी बड़े सपने देखता है और उन्हें साकार करने का जज्बा रखता है।

## पार्षदों की बगावत, भाजपा-आप और कांग्रेस के पार्षद पार्टी लाइन से हटते नजर आए, VIP में दिखी एकता

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

नई दिल्ली। दिल्ली की एमसीडी की वार्ड समितियों के चुनाव में इस बार सियासी गणित गड़बड़ा गया। जहां आप, भाजपा और कांग्रेस पार्टी के नेता पार्टी लाइन से हटते नजर आए। वहीं दूसरी तरफ आईवीपी के पार्षद एक नजर आए। एमसीडी की वार्ड समितियों के चुनाव में सियासी गणित उस समय गड़बड़ा गया जब भाजपा, आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के पार्षद अपनी-अपनी पार्टी लाइन से हटते नजर आए। इन सबके बीच इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी (आईवीपी) के पार्षदों ने एकजुटता की मिसाल पेश की। उन्होंने न सिर्फ अपने उम्मीदवारों को वोट दिया, बल्कि भाजपा के साथ हुए समझौते का भी पूरी तरह पालन किया। इसके विपरीत, भाजपा के कुछ पार्षदों ने गठबंधन धर्म से इतर आप के पक्ष में मतदान कर रोहिणी और पश्चिमी वार्ड समिति में समीकरण बदल दिए। भाजपा पार्षद की बगावत का सबसे बड़ा झटका रोहिणी वार्ड समिति में देखने को मिला, जहां अध्यक्ष पद के लिए भाजपा और आईवीपी के साझा उम्मीदवार को हार का सामना करना पड़ा। वजह यह रही कि भाजपा के एक पार्षद ने आईवीपी उम्मीदवार के बजाय आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार को वोट दे दिया। इसके चलते बहुमत न होने के बावजूद आप को अप्रत्याशित बढ़त मिली और आईवीपी को हार झेलनी पड़ी। दक्षिणी वार्ड समिति में कांग्रेस पार्षद की रणनीति ने हैरान किया। कांग्रेस ने वार्ड समितियों के चुनावों का बहिष्कार किया था, वहीं उसका एक पार्षद वोटिंग में शामिल हुआ और भाजपा समर्थित उम्मीदवार के पक्ष में मतदान किया। यही नहीं, आप के एक पार्षद की गैरहाजिरी और दूसरे पार्षद की ओर से अध्यक्ष पद के चुनाव में वोट रद्द किए जाने से पार्टी को नुकसान उठाना पड़ा और भाजपा ने यह समिति अपने नाम कर ली। नजफगढ़ वार्ड समिति में आप के एक पार्षद ने क्रॉस वोटिंग की, जिससे वहां भी पार्टी की स्थिति कमजोर हुई। शाहदरा (उत्तर), शाहदरा (दक्षिण) और सिविल लाइंस वार्ड समितियों में भी आप के एक-एक पार्षद मतदान से गैरहाजिर रहे, जिससे भाजपा को लाभ मिला।

# बटला हाउस में चलेगा बुलडोजर!: 'सीधे नोटिस, हमारी नहीं सुनी', याचिकाकर्ताओं ने SC में रखा

दिल्ली । बटला हाउस में संपत्तियों को ध्वस्त करने के नोटिस में हस्तक्षेप से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है। याचिका में कहा गया था कि 27 मई को उनकी संपत्तियों पर 15 दिन का बेदखली/ध्वस्तीकरण नोटिस चिपकाया गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने जामिया नगर के बटला हाउस में संपत्ति मालिकों को जारी ध्वस्तीकरण नोटिस में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया। याचिकाकर्ताओं से उचित अधिकारियों से संपर्क करने को कहा। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की अवकाश पीठ ने ध्वस्तीकरण नोटिस पर किसी भी अंतरिम रोक से इन्कार किया और मामले की सुनवाई जुलाई में तय की। निवासियों ने बेदखली और ध्वस्तीकरण पर रोक लगाने की मांग की।

**सुप्रीम कोर्ट में दी थी मालिक सुल्ताना शाहीन और 39 अन्य लोगों ने याचिका**

बटला हाउस में संपत्ति के मालिक सुल्ताना शाहीन और 39 अन्य लोगों ने याचिका दायर की थी, जिसमें कहा गया था कि 27 मई को उनकी संपत्तियों पर 15 दिन का बेदखली/ध्वस्तीकरण नोटिस चिपकाया गया था। वकील अदील अहमद के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया, यह सुप्रीम कोर्ट के 7 मई के आदेश के बाद किया गया, जिसमें दिल्ली सरकार और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को बटला हाउस क्षेत्र में अवैध संपत्तियों को ध्वस्त करने का निर्देश दिया गया था।

याचिका में आरोप, कभी अपना पक्ष रखने का मौका नहीं दिया

याचिका में कहा गया है कि यह कार्रवाई गलत थी क्योंकि उन्हें कभी भी उस मामले में पक्ष नहीं बनाया गया और उन्हें अपना पक्ष रखने का मौका नहीं दिया गया। याचिका में कहा गया है कि प्रभावित निवासियों को सुनवाई का पर्याप्त और सार्थक अवसर दिए बिना शुरू किया गया कोई भी व्यापक विध्वंस अभियान प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का घोर उल्लंघन और भारत के संविधान के अनुच्छेद 14, 19 (1) (ई) और 21 के तहत निहित मौलिक अधिकारों का सीधा उल्लंघन होगा।

## लूट का खुलासा न होने से गुस्साए सभासदों ने एसीपी को घेरा

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

गाजियाबाद । नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली की फैक्टरी में एक सप्ताह पूर्व हुई लूट का खुलासा न होने से गुस्साए नगर पालिका परिषद के सभासदों ने सोमवार को एसीपी मोदीनगर का घेराव कर थाने पर प्रदर्शन किया। आक्रोशित सभासदों ने घटना के शीघ्र खुलासे की मांग की। सभासदों ने तीन दिन के भीतर घटना का खुलासा नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। एसीपी ने उन्हें शीघ्र खुलासे का भरोसा देकर शांत कराया।

सभासद संघर्ष समिति के अध्यक्ष वेदप्रकाश के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद के सभासद और ठेकेदार एसोसिएशन के पदाधिकारी बड़ी संख्या में एकत्रित होकर सोमवार को मोदीनगर थाने पहुंचे। आक्रोशित लोगों ने पुलिस पर लूट के खुलासे में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की और मौके पर मौजूद एसीपी ज्ञानप्रकाश राय का घेराव कर प्रदर्शन किया। सभासद वेदप्रकाश ने कहा कि लुटेरों ने एक सप्ताह पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली की फैक्टरी के गार्ड को बंधक बनाकर लाखों रुपये के गहने और आठ लाख रुपये की नकदी लूट ली थी। मगर पुलिस अभी तक लूट का खुलासा करने में विफल रही है। चेतावनी दी कि अगर तीन दिन में लूट का खुलासा नहीं हुआ तो वह आंदोलन करेंगे। एसीपी ने उन्हें शीघ्र खुलासे का भरोसा दिया। इस अवसर पर सभासद प्रदीप शर्मा, ललित त्यागी, ललित मित्तल, जीतेंद्र चौधरी, बॉबी चौधरी, अंकुर चौधरी, नरेंद्र तोमर, रजनीश चौधरी और अमित कराते, मनीष अग्रवाल, संजय चौधरी, पुनीत त्यागी, लोकेश शर्मा समेत तमाम सभासद मौजूद रहे। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि छह टीमें घटना के खुलासे में लगी हैं। शीघ्र ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

## सेवानिवृत सरकारी कर्मचारी भी ले सकेंगे गोल्फ कोर्स की सदस्यता

नई दिल्ली। द्वारका के सेक्टर-24 स्थित देश के सबसे लंबे गोल्फ कोर्स में सेवानिवृत कर्मचारी भी सदस्यता ले सकेंगे। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सेवानिवृत्त को सरकारी कर्मचारियों की श्रेणी के बराबर मानने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसे लेकर सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों की तरफ से उपराज्यपाल और डीडीए को कई अभ्यावेदन दिए गए। नए नियमों के अनुसार खिलाड़ियों के पास तीन और पांच साल का विकल्प होगा। शुरूआती अवधि के बाद, जो व्यक्ति अपनी सदस्यता जारी रखना चाहेंगे, वे छूट के पात्र होंगे और उन्हें पहले नवीनीकरण पर मौजूदा दर में 25 प्रतिशत की छूट मिलेगी। दूसरे नवीनीकरण पर 35 प्रतिशत की छूट मिलेगी, जिसमें अधिकतम दो बार एक्सटेंशन की अनुमति होगी। यदि किसी सदस्य की मृत्यु हो जाती है तो उस स्थिति में, उसका जीवनसाथी निर्धारित शुल्क का भुगतान कर खेल का अधिकार और सदस्यता प्राप्त कर सकेगा, भले ही पहले उसके पास इसका अधिकार न हो। सरकारी श्रेणी में खेल का अधिकार पाने वालों में केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों, उनसे संबद्ध और अधीनस्थ निकायों, स्वायत्त निकायों के साथ-साथ राज्य सरकारों, केंद्र शासित प्रदेशों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, बैंकों और सरकारी वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाली संस्थाओं के कर्मचारी शामिल होंगे।

# आतंकवाद को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति पर अमल करता है भारत: बिरला

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को कहा कि भारत आतंकवाद को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति का सख्ती से पालन करता है और सभी देशों को इस वैश्विक लड़ाई में एकजुट होना चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि आतंकवाद वैश्विक शांति, स्थिरता और मानवाधिकारों के लिए सबसे बड़ा खतरा है, ऐसे में इस खतरे को समाप्त करने के लिए सभी प्रगतिशील देशों को मिलकर संयुक्त रणनीति बनानी होगी। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, बिरला ने ये टिप्पणियां पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन में वहां की असेंबली के अध्यक्ष जोस पेड्रो अगुइर-ब्रैंको के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान कीं। इसके बाद बिरला ब्राजील पहुंचेंगे जहां वह 11वें ब्रिक्स संसदीय मंच की बैठक में भाग लेने वाले भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व करेंगे। बिरला ने



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का उल्लेख करते हुए कहा, यह हमला भारत की प्रगति और सामाजिक सद्भाव में बाधा डालने के उद्देश्य से किया गया था। लेकिन भारतीय सुरक्षा बलों ने अपने साहस, शौर्य और बुद्धिमत्ता से इन दुर्भावनापूर्ण इरादों को विफल कर दिया। उन्होंने यह भी कहा ऑपरेशन सिंदूर सैन्य अभियान के अंतर्गत भारत ने आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट कर इस खतरे का सफलतापूर्वक मुकाबला किया। बिरला ने इस बात का उल्लेख किया कि भारत और पुर्तगाल के संबंध 500 वर्षों से भी अधिक पुराने हैं। ये ऐतिहासिक संबंध व्यापार और वाणिज्य तक ही सीमित नहीं है, बल्कि दोनों देशों के नागरिकों के बीच भी गहरा जुड़ाव है उन्होंने कहा कि पिछले पांच दशकों में हमारे द्विपक्षीय संबंध और अधिक मजबूत हुए हैं। बिरला ने यह भी बताया कि कि भारत की संसद आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीक-आधारित पहल कर रही है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से भारत की विधायी प्रक्रियाएं अधिक पारदर्शी, कुशल और जन-केन्द्रित हुई हैं।

## केंद्र सरकार के अस्पतालों में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के चिकित्सकों से मिलने पर प्रतिबंध।



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

नई दिल्ली। केंद्र सरकार के अस्पतालों में मरीजों के हितों की रक्षा और नैतिक मानकों को बनाए रखने के लिए मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के चिकित्सकों से मिलने पर रोक लगा दी गई है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने सभी केंद्र सरकार अस्पतालों को निर्देश दिया कि वे अस्पताल परिसर में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव को प्रवेश न दें। आदेश के मुताबिक, यह अस्पताल परिसर में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के प्रवेश को अनुमति न देने के संबंध में पहले दिए गए निर्देशों के संदर्भ में है। इस संबंध में एक बार फिर निर्देश दिया जाता है कि मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव को अस्पताल परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। संस्थानों के प्रमुख इस मामले में सभी अधिकारियों को आवश्यक सख्त निर्देश देंगे। आदेश में बताया कि मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव से अनुरोध किया जा सकता है कि वे किसी भी उपचार, जांच या प्रक्रिया के बारे में हाल ही में हुई प्रगति को ईमेल या अन्य डिजिटल मीडिया के माध्यम से साझा करें। निर्देश के मुताबिक,इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया जाता है और कार्रवाई की रिपोर्ट निदेशालय को दी जाएगी। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया,इस कदम का उद्देश्य मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव को अस्पताल परिसरों के अंदर चिकित्सकों को उनकी कंपनियों द्वारा प्रचारित दवाओं को लिखने के लिए अनुचित रूप से प्रभावित करने से रोकना है।

**भारतीय प्रतिनिधिमंडल** अरब लीग के महासचिव से मिला भारतीय प्रतिनिधिमंडल

# आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को दोहराया

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

नई दिल्ली। सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मिस्र में अरब लीग के महासचिव अहमद अबुल गईत से मुलाकात की और आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख को रेखांकित किया। प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ रुख को नयी दिल्ली और अरब लीग दोनों के लिए प्राथमिकता बताया। राकांपा (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मिस्र की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान अरब लीग के महासचिव से मुलाकात की। ये प्रतिनिधिमंडल के चार देशों की यात्रा का अंतिम पड़ाव है। मिस्र में भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बैठक के



दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अरब लीग के साथ भारत के व्यापक राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जुड़ाव पर चर्चा की। इसमें कहा गया, आतंकवाद का मुकाबला करना अरब लीग और भारत दोनों के लिए प्राथमिकता है। प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद से निपटने के लिए भारत के एकीकृत रुख और सामूहिक दृढ़ संकल्प को रेखांकित किया। रविवार को इथियोपिया की अपनी यात्रा समाप्त करने के बाद प्रतिनिधिमंडल काहिरा पहुंचा। सोमवार को प्रतिनिधिमंडल ने मिस्र के सांसदों के साथ सार्थक चर्चा की और आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ और सैद्धांतिक स्थिति से अवगत कराया। इसने मिस्र के विदेश मामलों की परिषद के साथ भी व्यापक चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल का विदेश मंत्री बद्र अब्देलती से मुलाकात का भी कार्यक्रम है। सुले के अलावा प्रतिनिधिमंडल में भाजपा नेता राजीव प्रताप रूडी, अनुराग ठाकुर और वी मुरलीधरन, कांग्रेस नेता मनीष तिवारी और आनंद शर्मा, तेदेपा नेता एल. श्री कृष्ण देवरायलु, आम आदमी पार्टी के नेता विक्रमजीत सिंह साहनी और पूर्व राजनयिक सैयद अकबरुद्दीन शामिल हैं।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी॰ प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय–209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन– 0120–4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः– समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।